दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 248 | जयपुर | शनिवार,12 जुलाई, 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-द्वितीया संवत-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# बीजेपी का गुरू-वंदन अभियान-सीएम से लेकर पार्षद ने की वंदना

## गुरू पूर्णिमा पर सरकार ने 507 धर्म गुरुओं को किया सम्मानित, सत्ता व संगठन की रही भागीदारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आज बीजेपी ने एक दिवसीय गुरू वंदन अभियान चलाया। अभियान के तहत सीएम भजनलाल शर्मा से लेकर बीजेपी पार्षद तक ने गुरु वंदना की। अभियान के संयोजक अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी सनातन संस्कृति के संत महात्माओं का सम्मान करने का निर्णय किया गया था।

### शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

जिसके तहत प्रदेश में भी प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष और सरकार के स्तर पर मुख्यमंत्री से लेकर पार्षद तक सभी ने अपने क्षेत्र में साधु-संतों का सम्मान किया। इस सम्मान कार्यक्रम में हर वर्ग के धर्म गुरुओं के साथ-साथ सिख धर्म, जैन धर्म के संत महात्माओं तक भी पार्टी के पदाधिकारी पहुंचे और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया इस मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने भरतपुर जिले के सेवर में लुधवाई स्थित बड़ा हनुमान मंदिर के महंत रामदास जी महाराज सत्कार-सम्मान किया। इस पर्व पर सरकार ने प्रदेशभर में 507 धर्म गुरुओं को सम्मान स्वरूप श्रीफल, अभिनंदन पत्र भेंटकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



### संत-महात्माओं के सानिध्य से जीवन को दिशा मिलती है

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली और बालोतरा में विभिन्न संत-महात्माओं का सम्मान कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गुरू पूर्णिमा आत्मचिंतन, सद्गुरु के प्रति श्रद्धा और मार्गदर्शन प्राप्त करने का विशेष पर्व है, और संत-महात्माओं के सान्निध्य से जीवन को दिशा मिलती है।

मदन राठौड़ ने पाली शहर स्थित सिद्ध पीठ (नागा बाबा बगीची) गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना की और महंत नारायण गिरी महाराज व महंत सुरेश गिरी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।


वहीं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज गुरु पूर्णिमा के पर्व पर विद्याधर नगर में पापड़ वाले हनुमान जी, सियाराम दास जी की बगीची और कौशल्या दास जी की बगीची में गुरुओं का वंदन किया। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बांसवाड़ा और मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने जयपुर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में संतों को नमन किया।

### बीजेपी नेताओं ने भी किया पूजन

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने सांगानेर में जैन मुनि सुंदर सागर महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर चतुर्वेदी ने कहा कि जैन मुनि, धर्म गुरू, साधु-संत हमारे समाज के गौरव हैं। वे हमारी संस्कृति के मजबूत स्तंभ हैं। हमें सदैव उनके मार्गदर्शन में रहकर समाज सेवा के पथ पर अग्रसर रहना चाहिए।वहीं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने भी नंदपुरी सोडाला स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर गुरुजनों को नमन किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने गलता गेट स्थित कनक बिहारी मंदिर में महामंडलेश्वर सियाराम दास महाराज का बहुमान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु वंदन कार्यक्रम के तहत चूरू स्थित खासोली धाम पहुंचकर संत नवरतन गिरी महाराज के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। वहीं पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने विधानी धाम के महंत मिथिला शरण महाराज एवं जगतपुरा अक्षय पात्र स्थित इस्कॉन मंदिर के संत रामरस दास महाराज का वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सावन के पहले दिन शिव मंदिर पहुंचीं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी

## सिटी पैलेस में जल-दुग्ध से किया अभिषेक, प्रदेश की खुशहाली के लिए की प्रार्थना



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** जयपुर में श्रावण मास की शुरुआत पर शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सिटी महल स्थित राजराजेश्वर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। -जयपुर में श्रावण मास की शुरुआत पर शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सिटी महल स्थित राजराजेश्वर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की।जयपुर में श्रावण मास की शुरुआत पर शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सिटी पैलेस स्थित राजराजेश्वर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव का जल और दुग्ध से अभिषेक किया।मंदिर में सुबह से वैदिक मंत्रों की ध्वनि गूंज रही थी। दीया कुमारी ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा की। उन्होंने जलकलश से शिवलिंग का रूद्राभिषेक किया। इसके बाद आरती भी की। पूजा में कई महिलाएं और कन्याएं भी शामिल हुईं। मंदिर में फूलों की सुगंध, धूप-दीप की लौ और घंटियों की मधुर ध्वनि से आध्यात्मिक माहौल बना। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश के लिए महादेव से आशीर्वाद मांगा।दीया कुमारी ने कहा कि सावन का महीना आत्मिक ऊर्जा और भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने प्रदेश में खुशहाली, अच्छे स्वास्थ्य और शांति की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों को सावन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही कहा कि यह समय भक्ति के साथ आत्मनिरीक्षण और परोपकार का भी है।

# यमुना को स्वच्छ बनाने पर मंथन, अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बड़ी बैठक



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीआर पाटिल के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री भी बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र भी गृह मंत्रालय और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मौजूद थे।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ यमुना नदी के पुनरुद्धार पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीआर पाटिल के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री भी बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र भी गृह मंत्रालय और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मौजूद थे।

चर्चा में यमुना नदी के पुनरुद्धार और पुनरुद्धार के लिए समन्वित प्रयासों और कार्य योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसे दिल्ली के पर्यावरण और जन स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

# भारत के आगे नहीं चला ट्रंप का टैरिफ कॉर्ड, उल्टा अब अमेरिका पर 25 प्रतिशत टैक्स ठोकने की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत पहले ही कह चुका है कि स्टील और अल्युम्यूनियम पर अगर अमेरिका टैरिफ लगाता है तो भारत जवाबी कार्रवाई करेगा और भारत भी जवाबी टैरिफ लगाएगा। भारत ने फिर एक बार इस बात को दोहराया है। व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत के बीच भारत ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के सामने ये स्पष्ट किया है कि अगर अमेरिका अगर भारत पर स्टील और अल्यूम्यूनियम पर टैरिफ लगाता है तो भारत भी जवाबी टैरिफ लगाएगा।



भारत और अमेरिका के बीच इस वक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। इस बातचीत का अंजाम किसके पक्ष में जाएगा और क्या तय होगा। इस बात का पता तो आने वाले वक्त में चल ही जाएगा। लेकिन फिलहाल इस व्यापार समझौते को लेकर कशमकश की स्थिति स्टील और अल्यूम्यूनियम में तो खत्म हो चुकी है। भारत पहले ही कह चुका है कि स्टील और अल्युम्यूनियम पर अगर अमेरिका टैरिफ लगाता है तो भारत जवाबी कार्रवाई करेगा और भारत भी जवाबी टैरिफ लगाएगा। भारत ने फिर एक बार इस बात को दोहराया है। व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत के बीच भारत ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के सामने ये स्पष्ट किया है कि अगर अमेरिका अगर भारत पर स्टील और अल्यूम्यूनियम पर टैरिफ लगाता है तो भारत भी जवाबी टैरिफ लगाएगा।

मतलब अमेरिका के खिलाफ भारत का स्टैंड बिल्कुल क्लीयर है। अमेरिका अगर टैरिफ लगाएगा तो भारत भी पीछे नहीं हटने वाला है। भारत का ये कदम स्टील और अल्युम्यूनियम पर अमेरिकी शुल्कों के जवाब में है, जिन्हें सुरक्षा उपायों के तौर पर लगाया गया था।

# उड़ीसा में राहुल गांधी की संविधान बचाओ रैली

## बोले- जल, जंगल, जमीन चुराना चाहती है भाजपा

बढ़ता राजस्थान



**भूवनेश्वर (एजेंसी)।** राहुल ने आगे कहा कि मैं कल बिहार में था। जैसे महाराष्ट्र में चुनाव चोरी की गई, वैसी ही कोशिश बिहार में भी हो रही है। चुनाव चोरी के लिए चुनाव आयोग ने एक नई साज़िश रची है। चुनाव आयोग भाजपा की शाखा की तरह काम कर रहा है, अपना काम नहीं कर रहा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को ओडिशा में संविधान बचाओ रैली नामक एक जनसभा में भाग लिया। यह सभा पार्टी द्वारा समर्थन जुटाने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है। इस दौरान राहुल ने भाजपा पर जमकर वार किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा सरकार का बस एक ही काम है – राज्य की गरीब जनता के हाथों से ओडिशा की संपत्ति छीनना। पहले बीजद सरकार यही करती थी और अब भाजपा सरकार यही कर रही है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, किसान और मजदूर हैं, तो दूसरी तरफ 5-6 अरबपति और भाजपा सरकार है। यह लड़ाई जारी है। ओडिशा की जनता के साथ मिलकर कांग्रेस कार्यकर्ता ही इस लड़ाई को जीत सकते हैं, कोई और नहीं। राहुल ने आगे कहा कि मैं कल बिहार में था। जैसे महाराष्ट्र में चुनाव चोरी की गई, वैसी ही कोशिश बिहार में भी हो रही है। चुनाव चोरी के लिए चुनाव आयोग ने एक नई साज़िश रची है। चुनाव आयोग भाजपा की शाखा की तरह काम कर रहा है,।

# बच्चों को पीठ पर बैठाकर स्कूल पहुंचाया

## पिकअप में गुजारी रात; सीकर-झुंझुनूं में दुकानों में घुसा पानी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सीकर, कोटा, झुंझुनूं, अजमेर, उदयपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, कोटपूतली, नागौर समेत कई जिलों में शुक्रवार को बारिश हुई। सीकर के श्रीमाधोपुर में शहर के पुराने बस स्टैंड के पास दुकानों में पानी घुस गया। झुंझुनूं के कई इलाकों में जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानों में भी पानी भर गया।कोटा में भी तेज बारिश हुई। सवाई माधोपुर में अच्छी बारिश होने से रणथम्भौर टाइगर रिजर्व स्थित अमरेश्वर महादेव का झरना तेजी से बह रहा है। इधर, बीसलपुर बांध का जलस्तर पिछले 24 घंटे में 1 सेंटीमीटर बढ़कर 313.90 आरएल मीटर हो गया है। कोटपूतली देर रात हुई बारिश के बाद जलभराव हो गया। एक परिवार को रात पिकअप में गुजारनी पड़ी। वहीं सुबह परिजन बच्चों को पीठ पर बैठाकर स्कूल ले जाते दिखे।मौसम केंद्र जयपुर ने राज्य में अगले 5 दिन अच्छी बारिश होने और कहीं-कहीं भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।



# मोबाइल की तरह रिचार्ज करवा सकेंगे बिजली के मीटर-ऊर्जा मंत्री बोले- फोन पर मिलेगी रीडिंग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में अब बिजली के इस्तेमाल को मोबाइल से ट्रैक किया जा सकेगा। मोबाइल फोन की तरह मीटर पहले रिचार्ज होगा। जितना रिचार्ज होगा, बिजली उतनी ही चलेगी। मोबाइल ऐप या पोर्टल के जरिए खपत और बैलेंस देख सकेंगे।दरअसल, राजस्थान में स्मार्ट मीटर लगाने की कवायद शुरू की गई है। स्मार्ट मीटर को लेकर लगातार विरोध भी चल रहा है। इसलिए इसकी शुरुआत प्रदेश के मंत्री और कर्मचारियों के आवास पर स्मार्ट मीटर लगाने से की जा रही है।इसी कड़ी में गुरुवार को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के जयपुर स्थित सरकारी आवास पर स्मार्ट मीटर लगाया गया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने दैनिक भास्कर से बातचीत करते हुए स्मार्ट मीटर पर चल रहे विवाद को लेकर अपना पक्ष रखा। आगे पढ़िए नए स्मार्ट मीटर के संबंध में ऊर्जा मंत्री के जवाब...




सवाल- स्मार्ट मीटर कैसे काम करेगा? इसे लगाकर आप प्रदेश की जनता को क्या मैसेज देना चाह रहे हैं?

ऊर्जा मंत्री- स्मार्ट मीटर आज की टेक्नोलॉजी बेस्ड मीटर है। इसे ऐप के माध्यम से मोबाइल से कनेक्ट कर सकते हैं। मीटर में जो रीडिंग चल रही है, वह मोबाइल पर शो करेगी। इससे यह भी मालूम चल जाएगा, हमने कितनी यूनिट बिजली दिन में खर्च की, कितनी रात में। उपभोक्ता को मंथली बिल की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उपभोग का डेटा उसके मोबाइल में रहेगा। इससे उपभोक्ता यह शिकायत नहीं कर सकता कि बिजली बिल ज्यादा आ रहा है।

भ्रामक प्रचार किया जा रहा है कि स्मार्ट मीटर लगाने से बिल ज्यादा आएगा। ऐसे में किसी को संशय है कि स्मार्ट मीटर से बिल ज्यादा आ रहा है। हम 5त्न मोहल्ले जहां पुराने मीटर हैं। वहां नए टेस्टेड मीटर के साथ लगाकर दिखा सकते हैं। हमने डिस्कॉम को निर्देश दिए हैं कि लाइव डेमो लोगों को दिखाएं ताकि उनका भ्रम दूर हो सके।

आज स्मार्ट मीटर लगने के बाद गरीब उपभोक्ता चाहे वह दिहाड़ी मजदूर हो या डेली अपनी कमाई करके घर परिवार चलता हो। उनकी कई जरूरतें हैं, लेकिन उन्हें मंथली बिल आने पर परेशानी होती है। उन्हें मंथली तनख्वाह नहीं आने पर एकदम से परेशानी का सामना करना पड़ता है। वो बिजली बिल जमा करने में समर्थ नहीं हो पाते। स्मार्ट मीटर लगने के बाद प्रीपेड सिस्टम हो जाएगा। इसका उपभोक्ता को लाभ होगा। वह जिस तरह से मोबाइल को रिचार्ज करके उपभोग करता है। वैसे ही प्रीपेड रिचार्ज करवा करके बैलेंस के अनुसार बिजली उपभोग कर सकता है।

ऐसे में इससे उन्हें मंथली बिल जमा करने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। इससे उनका उपभोग भी बैलेंस हो पाएगा। वह अपने रोजाना के बिजली उपभोग को देख पाएंगे। इससे बिजली की बचत कर सकेंगे। इससे बिजली का दुरुपयोग भी रुकेगा। लोगों को फायदा भी पहुंचेगी।

सवाल- प्रदेश में अभी भी एक बड़ी आबादी है, जो अशिक्षित और टेक्नोलॉजी से दूर है। मोबाइल नहीं चलाते, उन तक स्मार्ट मीटर को कैसे पहुंचाएंगे?

ऊर्जा मंत्री- आज के समय में चाहे महिलाएं हों या मजदूर हों। उनके हाथ में भी मोबाइल है। गांव की महिलाएं भी मोबाइल देख रही हैं। उनका उपयोग कर रही हैं तो निश्चित रूप से वह अपना रिचार्ज भी कर रही हैं। इस तरीके से बिजली के मीटर को भी रिचार्ज कर सकेंगे।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

## रोहित जाट पुणे में होने वाली राष्ट्रीय ओपन मीट गेम्स में राजस्थान का करेगा प्रतिनिधित्व

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** रोहित जाट जो कि एक छोटे से गांव खेड़ी चांदला जिला करौली का है जो कि लगातार 2 साल से 800द्व दौड़ में करौली जिलें का प्रतिनिधित्व राजस्थान स्तर करता रहा उसने कई बार प्रयास किया कि वो राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करे और इस बार उसने ये उपलब्धि हासिल की और वो पुणे मे होने वाली 12 जुलाई को राष्ट्रीय ओपन मीट गेम्स में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगा उसका सपना है कि वो एक बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करे।

## बुचारा के राजकीय विद्यालय में प्रवेशोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बुचारा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव के क्रम में शुक्रवार को प्रधानाचार्य पूरण कसाना के निर्देशन में नव प्रवेशित बालक-बालिकाओं का तिलक लगाकर और माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर स्टॉफ साथियों ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई और उनका मुंह मीठा करवाया। प्रधानाचार्य पूरण कसाना ने इस अवसर पर विद्यालय के बोर्ड परीक्षा परिणाम का उल्लेख किया, जो शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की गुणवत्ता और शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के कारण ही हमें यह सफलता मिली है। उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय में अन्य विद्यार्थियों के भी नव प्रवेश कराने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हमारे विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे और नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य के संबोधन से विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

## पत्नी की हत्या के आरोपी पति अशोक को आजीवन कारावास की सज़ा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** भावना भार्गव अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश, सवाई माधोपुर ने आज एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए पत्नी सुलोचना की हत्या के आरोपी अशोक को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, अशोक ने आपसी विवाद के चलते अपनी पत्नी सुलोचना की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी थी। इस जघन्य अपराध की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया और उसे भारतीय दंड संहिता की संबंधित 302 धारा के अंतर्गत कठोर आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई। यह फैसला अपराधों के विरुद्ध न्यायालय की सख्त दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## ऐश्वर्या कॉलेज में विश्व जनसंख्या दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** ऐश्वर्या कॉलेज, उदयपुर में आज विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया इन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता को उजागर करना, संसाधनों पर बढ़ते दबाव की ओर ध्यान आकर्षित करना, और सतत विकास के लिए जनसंख्या संतुलन की आवश्यकता को समझाना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रितु पालीवाल ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस समाज को यह सोचने का अवसर देता है कि यदि जनसंख्या नियंत्रण न किया गया तो आने वाले समय में संसाधनों की कमी, बेरोजगारी और स्वास्थ्य संकट जैसी चुनौतियाँ सामने आ सकती हैं। इस दिन के माध्यम से लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया जाता है। इस अवसर पर कॉलेज में भाषण, निबंध लेखन, आर्टिकल लेखन, प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। छात्र विभव आमेटा ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का गया उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभाव,परिवार नियोजन, लैंगिक असमानता,गरीबी,मातृ एवं शिशु स्वास्थ जैसे मुद्दे पर लोगो को जागरूक करना रहा।

## नव नियुक्त बिजयनगर शहर यंग ब्रिगेड अध्यक्ष कुशाल नील व महिला कांग्रेस अध्यक्ष पूजा जैन का किया अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** बिजयनगर मसूदा विधानसभा कांग्रेस सेवादल व शहर कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में



नगरपालिका गांधी उद्यान में 11जुलाई शुक्रवार को नव नियुक्त बिजयनगर शहर यंग ब्रिगेड अध्यक्ष कुशाल नील व महिला कांग्रेस अध्यक्ष पूजा जैन का अभिनंदन मसूदा कांग्रेस सेवादल विधान सभाध्यक्ष रामलाल नंगवाडा की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा माल्या अर्पणकर के साथ साफा बंधवाकर स्वागत सत्कार किया गया और सभी ने इन नवयुवा नवनियुक्त यंग ब्रिगेड अभिनन्दन किया गया।

## सार्वजनिक निर्माण विभाग की विद्युत शाखा द्वारा किया गया त्वरित समाधान

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** 11 जुलाई को जेएलएन अस्पताल के हृदय रोग विभाग के 500 कीवीए का जनरेटर गुरुवार को खराब हो गया। इससे टाटा पावर की सप्लाई बंद होने पर स्टेण्ड बाई पावर बेक-अप में व्यवधान उत्पन्न हुआ। जनरेटर खराब होने पर आईसीयू, केथ लेब, सीटीवीएस एवं समस्त हृदय रोग विभाग में विद्युत सप्लाई भी बंद हो सकती थी। इससे ऑपरेशन, आईसीयू में भर्ती मरीजों की जान खतरे में आने की आशंका थी। विद्युत जनरेटर में आई खराबी को ठीक करने में लगभग 3 दिवस लगने का अनुमान था। व्यापक जनहित को देखते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग की विद्युत शाखा द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। किराया का विद्युत जनरेटर मय आवश्यक सामग्री अधिशाषी अभियंता-विद्युत श्री सुरेश कुमार मेघवंशी के निर्देशन में सहायक अभियंता-विद्युत श्रीमती जीनल चौधरी द्वारा प्रबन्ध किया गया। विद्युत सिस्टम सम्पूर्ण तौर पर किराये के जनरेटर पर लेना बहुत ही पेचीदा तथा मेहनत भरा था। इसके लिए अलग से केबल्स, चेन्ज ओवर टर्मिनेशन करना इत्यादि शामिल था। सभी कार्य श्री प्रवीण सक्सैना कनिष्ठ अभियंता-विद्युत की देखरेख में हुआ।

# गुरुदक्षिणा का अनूठा रूप: 99 बैच ने साकार किया नारायण सर का सपना, धार में बनवाया अत्याधुनिक पुस्तकालय

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** गुरुपूर्णिमा के अवसर पर, आलोक स्कूल, फतेहपुरा के 1999 बैच के पूर्व छात्रों ने अपने दिवंगत प्राचार्य नारायण लाल शर्मा को एक अनुपम श्रद्धांजलि अर्पित की है। बैच द्वारा धार (उदयपुर) के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थापित किया गया भव्य पुस्तकालय, ज्ञान के प्रति उनके गुरु के समर्पण का जीवंत प्रमाण है।

धार में आयोजित उद्घाटन समारोह में, पंकज शर्मा, अम्बालाल साहू, नीता परिहार पंवार, चेतन खंडेलवाल, कृष्णकांत अग्रवाल, वरुण मेहता, स्वेतल मादावत, दीपक मेहता, विजय साहू, और उनके साथियों ने मिलकर विद्यालय को लगभग 1500 उपयोगी पुस्तकें, पठन-पाठन के लिए रैक और एक 43 इंच का स्मार्ट टेलीविजन भेंट किया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के उद्देश से विद्यालय परिसर में




150 पौधे भी वितरित किए गए। इस प्रेरणादायी कार्यक्रम में पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीना, प्रमोद समर, शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, आलोक फतेहपुरा के पूर्व प्राचार्य विजय सिंह सांखला और डॉ. हेमंत धाभाई की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण से हुआ, जिसके बाद स्कूल के बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सत्यनारायण सुथार , प्रधानाचार्य रा उ मा वि धार स्कूल ने की और इसके अतिरिक्त विद्यालय के समस्त स्टाफ गन छात्र-छात्राएं उपस्थित थी पूरे कार्यक्रम का संचालन रेखा जॉन ने किया है

यह पूर्व छात्रों की एक अनुकरणीय पहल है, जो गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। नारायण शर्मा सर के प्रति उनका यह स्नेह और योगदान वास्तव में सराहनीय है।यह पहल वास्तव में नारायण लाल शर्मा सर के प्रति पूर्व छात्रों के गहरे स्नेह, उदारता और सहानुभूति को दर्शाती है, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है।

नारायण लाल जी शर्मा सर एक प्रधानाचार्य ही नहीं, बल्कि सभी छात्रों के लिए एक मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत और परिवार के सदस्य की तरह थे। उनका स्कूल के प्रति समर्पण, स्नेह, दूरदर्शिता, छात्रों के प्रति चिंता आदि हमेशा सभी को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने विद्यालय को एक ऐसा स्थान बनाया जहाँ हर विद्यार्थी को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिला।

स्कूल छोड़ने के कई वर्षो बाद भी हर महीने कॉल करके विद्यार्थियों की कुशलक्षेम पूछने का गुण शायद ही इस युग मे कोई बराबरी कर पायेगा। उनकी मधुर वाणी, प्रेरणादायक शब्द, हमेशा मदद के लिए तत्पर रहना आदि, हमेशा विद्यार्थियों के दिलों में जीवित रहेगी। हम उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग और मूल्यों को कभी नहीं भूलेंगे।

### सड़क सुरक्षा अभियान :हेलमेट लगाओ जान बचाओ

## वीर सेवा संस्थान ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम चौधरी व यातयात प्रभारी मंजू फौजदार के नेतृत्व में वाहनों पर लगाए स्टीकर

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत मंगलवार को करौली शहर में अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक गुमनाराम चौधरी एवं यातायात प्रभारी मंजू फौजदार के नेतृत्व में करौली शहर में सैकड़ो वाहनों पर वीर सेवा संस्थान के तत्वाधान में हेलमेट लगाओ जान बचाओ के बैनर लगाए गए।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए, जिससे हमारी जान को जोखिम न हो। साथ ही चार पहिया गाड़ी चलाते समय



सीट बेल्ट का उपयोग करना भी आवश्यक हैयातायात प्रभारी मंजू फौजदार ने भी दोपहिया वाहन चालकों को समझाया और उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया वीर सेवा संस्थान के अध्यक्ष तरुण जैन ने बताया कि वीर सेवा संस्थान के सदस्य पिछले 3 वर्षो से इस प्रकार सामाजिक कार्य आ रहे हैं जिसमें मूक आवारा पशुओं के लिए पानी की प्याऊ लगवाना, पक्षियों के लिए पानी के वाटर पॉट्स लगाना, दिवाली के अवसर जरूरतमंद लोगों को दिवाली पूजन साम्रगी, सर्दियों में कंबल वितरण, गौ सेवा, अनाथ व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों की शादी में सिलाई मशीन देने, स्टेशनरी आइटम्स वितरित करने , अनाथ बच्चों, वृद्धजनों व हॉस्पिटल्स में मरीजों को फ्रूट्स व खाना वितरित करने जैसे जनहित कार्य कर रही है। इस मौके पर उक्त संस्थान के त्रिलोक सैनी और प्योर इंडिया ट्रस्ट के खुश बिहारी व्यास व पुलिस के अन्य जवान मौजूद रहे। सभी ने सड़क सुरक्षा अभियान में अपना सहयोग दिया और लोगों को जागरूक करने में मदद की।

## रूपपुरा में चोरी की वारदात, 3 लाख के जेवर और नकदी चोरी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** पुलिस थाना इलाके के ग्राम रूपपुरा में एक चोरी की वारदात सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में



सनसनी फैला दी है। महावीर पुत्र हनुमान गुर्जर के घर में कल देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लगभग 3 लाख रुपये के जेवर और 53,000 रुपये नकद चोरी कर लिए। महावीर के अनुसार, वह अपने परिवार के साथ घर के बाहर चौंक में सो रहा था और घर के कमरे के दरवाजे बंद थे। चोरों ने घर के पीछे के जंगले को उखाड़कर घर में प्रवेश किया और सन्दूक में रखे जेवर और नकदी चोरी कर लिए। चोरी गए जेवर में मंगलसूत्र, अंगूठी, पाजेब, तागड़ी, बोरला, नथ और जंजीर शामिल हैं। इस सम्बन्ध में प्रागपुरा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने चोरी गए सामान का विवरण तैयार किया है, जिसमें 1 मंगलसूत्र सोने का, 2 अंगूठी चांदी की, 2 अंगूठी सोने की, 1 जोड़ी पाजेब चांदी की, 1 तागड़ी चांदी की, 1 बोरला सोने का, 1 नथ सोने का, 1 मंगलसूत्र सोने का, 3 सिक्का चांदी का, 4 जंजीर चांदी की और 53,000 रुपये नकद शामिल हैं। पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा और चोरी गए सामान को बरामद कर लिया जाएगा।

## .मसूदा विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत ने सोनोग्राफी कक्ष का फीता काटकर व सोनोग्राफी मशीन का पूजन कर विधिवत शुभारंभ किया



बढ़ता राजस्थान

अजमेर (घनश्याम दास)। जिले के मसूदा के राजकीय उपजिला चिकित्सालय में आज शुक्रवार को सोनोग्राफी मशीन का शुभारंभ किया गया। मसूदा विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत ने सोनोग्राफी कक्ष का फीता काटकर व सोनोग्राफी मशीन का पूजन कर विधिवत शुभारंभ किया। चिकित्सालय पहुंचने पर चिकित्सालय स्टाफ की ओर से क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत का माल्यार्पण कर व साफा बंधाकर कर परंपरागत तरीके से स्वागत सत्कार किया गया। विधायक कानावत ने सोनोग्राफी कक्ष का फीता काटकर व सोनोग्राफी मशीन का माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजन के साथ शुभारंभ किया। मसूदा उप जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी का शुभारंभ होने से अब तक आहत से आमजन को राहत प्रदान होगी। उल्लेखनीय है कि मसूदा क्षेत्र के बिजयनगर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी की सौगात के बाद आज शुक्रवार को मसूदा मुख्यालय के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी मशीन के शुभारंभ के बाद मसूदा सहित क्षेत्र के विभिन्न पचासों ग्रामीणों के ग्रामीणों को उपलब्ध होने वाली सुविधा से मरीजों एवं उनके परिजनों को खर्च होने वाले राशि एवं अमूल्य समय की बचत होने से ग्रामीणों को भारी राहत की उम्मीद जगी है।

# श्री सावरिया सेठ पदयात्रा कमेटी की बैठक आयोजित हुई

### यात्रा कमेटी के अध्यक्ष पद हेतु संपत सुवालका के नाम का प्रस्ताव आया सभा में

बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविंद सिंह सेठी)। यहां श्री बोरड़ा गणेश जी मंदिर परिसर में गुरुवार शाम श्री सांवरिया सेठ पदयात्रा कमेटी की साधारण सभा बुलाई गई । इस सभा में कार्यकारिणी और सदस्यों ने 31 वीं पदयात्रा के आयोजन और व्यवस्था पर चर्चा की। बैठक में कमेटी के मदन टेलर ने अध्यक्ष पद के लिए सम्पत सुवालका के नाम का प्रस्ताव पास हुआ इस पर कमेटी के महेन्द्र मीणा ने समर्थन किया। वहीं रामेश्वर जांगिड़ को यथावत कोषाध्यक्ष रखा गया और पंकज सिंहल को उपाध्यक्ष, मंत्री गोपाल गुर्जर मालेडा आदि मनोनीत हुए। कोषाध्यक्ष रामेश्वर जांगिड़ ने यात्रा का सम्पूर्ण आय-व्यय का ब्यौरा पढ़कर सुनाया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि श्री सांवरिया सेठ यात्रा में शामिल होने वाले यात्रियों के यात्रा शुल्क में वृद्धि की जाएगी इस



पर सहमति बनी और अब प्रति यात्री 200 रुपए से बढ़ाकर 401 रुपए राशि कर दी गई। इसके अलावा, समिति के कोषाध्यक्ष ने बैंक खाता खुलवाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। और अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से खाता खुलवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में छीतर सिंह मीणा, महेश कुमार शर्मा, लक्ष्मण सिंह, विनोद कुमार मंगल,जगदीश प्रसाद सहित दर्जनों सांवरिया सेठ भक्त मौजूद थे।

## महात्मा गॉधी राजकीय विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सीबीईओ ने किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय ने हाल ही में आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वरिष्ठ अध्यापक राजेश कलिया ने बताया कि विद्यालय की इस अभूतपूर्व सफलता और शैक्षणिक उत्कृष्टता को सम्मान प्रदान करने के लिए गुरुवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा ने विद्यालय का विशेष दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। सीबीईओ कार्यालय से एसीबीओ भागचंद, श्रवण कुमार चारण और रामनिवास भी इस सम्मान समारोह में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी अध्यापकों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन के उपलक्ष्य में विद्यालय को कार्मिकों की सामूहिक तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षकों के अथक समर्पण और छात्रों के भविष्य निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करता है। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (ष्ठक्क्ष्ट) सरिता आत्रेय भी मौजूद रहीं। उन्होंने विद्यालय के विभिन्न पहलुओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया और विद्यालय विकास के लिए प्रबंधन द्वारा



किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। आत्रेय ने संपूर्ण विद्यालय स्टाफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका उत्कृष्ट कार्य ही विद्यालय की सफलता का मूल आधार है। महात्मा गॉधी राजकीय विद्यालय साहवा की मेहनती टीम ने सीबीईओ कार्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की एक विशाल तस्वीर भेंट कर उनका स्वागत किया। यह क्षण विद्यालय के मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में शिक्षा के महत्व को दर्शाता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य केदारमल आसेरी ने सीबीईओ कार्यालय का आभार प्रकट किया एवं विद्यालय विकास की प्रतिबद्धता को सतत् जारी रखने पर जोर दिया। यह सम्मान न केवल शिक्षकों की कड़ी मेहनत और छात्रों की सफलता का प्रमाण है बल्कि यह साहवा क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने में विद्यालय के महत्वपूर्ण योगदान को भी दर्शाता है। विद्यालय का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन अन्य संस्थानों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। जिससे राजकीय विद्यालयों में नए शैक्षिक मानकों की स्थापना हो सकेगी। इस अवसर पर पूनम बाहेती, रूपनाथ भाटी, ममता शर्मा, मनोज कुमार मीणा, मदनसिंह राठौड़, गिरधारी लाल, बजरंग लाल सैनी, सोमवीर सिंह, अंजु कंवर, माल्टा कुमारी, प्रियंका नेहरा, शाहरुख खान, मैनावती, शर्मिला, मनीष शर्मा, राजेश सहारण, विनोद गोदारा, वरूणा रानी, सचिन शर्मा, सरोज पिलानिया, मांगीलाल, दर्शना नाई सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# जेडीए ने 4 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त, सुओ मोटो के तहत अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) द्वारा जोन-10, मालपुरा डूंगर सुमेल स्थित खसरा संख्या 69 की लगभग 5 बीघा जेडीए स्वामित्व वाली सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही, निजी खातेदारी की लगभग 4 बीघा कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

इस कार्रवाई के तहत शिव वाटिका नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउंड्री वॉल, पिलर व अन्य अवैध निर्माण जेसीबी मशीन व मज़दूरों की सहायता से हटाए गए। जेडीए द्वारा बिना भू-रूपांतरण के की गई इस कॉलोनी बसाने की कोशिश को विफल किया गया।



जोन-पीआरएन साउथ में भी प्रवर्तन कार्रवाई के तहत गणपति एनक्लेव की सड़क सीमा से करीब 12 स्थानों पर बने अवैध चबूतरे, सीढ़ियां, दीवारें आदि हटाई गईं। अतिक्रमणकर्ताओं को पूर्व में नोटिस जारी कर मुनादी की गई थी, परन्तु अतिक्रमण नहीं हटाने पर सख्त कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार पत्रकार रोड व विनायक सरोवर के बीच की सड़क सीमा पर भी लोहे के एंगल, जालियों, चबूतरों व रैम्प आदि के रूप में किए गए अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई भी सुओ मोटो के तहत की गई। जोन-13 के अंतर्गत ग्राम अन्नतपुरा में तेजाजी मंदिर के पास दो अवैध दुकानों का निर्माण किए जाने पर जेडीए ने पहले नोटिस जारी किया था। निर्माणकर्ता द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करने पर नियमानुसार धारा 34(क) के अंतर्गत दुकानों को पुख्ता रूप से सील किया गया।

प्रवर्तन की इन कार्यवाहियों का नेतृत्व मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में किया गया। उपनियंत्रक प्रवर्तन (प्रथम व द्वितीय), प्रवर्तन अधिकारी (जोन-10, पीआरएन साउथ, जोन-13) और संबंधित क्षेत्रीय राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्तों ने कार्रवाई की।

जेडीए द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में 817 बीघा तथा वर्ष 2025 में अब तक 473 बीघा भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा चुका है। वहीं वर्ष 2024 में 383 और वर्ष 2025 में अब तक 222 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास विफल किए गए हैं।

## परिवार कल्याण में कोटपूतली ब्लॉक को राज्य में चतुर्थ स्थान

### उप स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुरा का द्वितीय स्थान के लिये चयन, राजधानी जयपुर में आयोजित हुआ प्रदेष स्तरीय पुरूस्कार वितरण समारोह

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** राजधानी जयपुर में शुक्रवार को विष्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में कोटपूतली ब्लॉक को परिवार कल्याण एवं नियोजन के क्षेत्र में प्रदेष में चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम् धनम् उप स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुरा का राज्य में द्वितीय स्थान के लिये चयन हुआ। इस मौके पर चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर एवं कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने कोटपूतली बीसीएमओ डॉ.पूरण चंद गुर्जर को उत्कृष्ट कार्यों के लिये राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान परिवार कल्याण क्षेत्र में कोटपूतली ब्लॉक द्वारा किए गए समर्पित कार्यों और नवाचारों की सार्थक पहचान है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. गुर्जर ने चिकित्सा विभाग कोटपूतली के समस्त स्टॉफ का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह उपलब्धि हम सभी की टीम भावना, कड़ी मेहनत और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। मैं जनता का भी विशेष धन्यवाद करता हूँ, जिनके सहयोग और विष्वास ने इस कार्य को सफल बनाया। गौरतलब है कि परिवार कल्याण के क्षेत्र में कोटपूतली ब्लॉक द्वारा निरंतर जन जागरूकता, स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता, जागरूक परामर्श और जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए गये, जिनका असर अब राज्य स्तर पर भी सराहा गया है। यह सम्मान ना केवल कोटपूतली बल्कि समूचे जिले के लिए गर्व की बात है और आने वाले समय में यह प्रेरणा बनकर अन्य चिकित्सा ईकाइयों को भी उत्कृष्ट कार्य करने की दिशा में प्रेरित करेगा। समारोह में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम् धनम् उप स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुरा पर कार्यरत एएनएम निर्मला गुर्जर को प्रषस्ति पत्र, 04 लाख रूपये का चैक व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



## पुलिस थाना सांभरलेक की बड़ी कार्यवाही:दुग्ध उत्पादन डेयरी मे गबन करने का आरोपी रामरतन चौधरी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** समीपवर्ती सांभरलेक पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए दुग्ध उत्पादन डेयरी में गबन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। जानकारी देते हुए उप महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण आनंद शर्मा ने बताया है कि थाना नरैना पर दुग्ध उत्पादक सहाकारी समिति लि. सिरोही कलां के अध्यक्ष रामस्वरूप चौधरी ने डेयरी के पूर्व सचिव रामरूवरूप चौधरी के खिलाफ डीबीटी राशि के गबन, दुग्ध रिकॉर्ड मे हेराफेरी एवं भूगतान राशि मे अनियमितता के संबंध रिपोर्ट पेश दर्ज करवाई। इसके बाद राजेन्द्र कुमार पु.नि. थानाधिकारी सांभरलेक के द्वारा अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस कार्यवाही विवरण:- प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी व निष्पक्ष जॉच हेतू अति. पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा आरपीएस व वृत्ताधिकारी वृत्त सांभरलेक पुलिस उप अधीक्षक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में राजेन्द्र कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना सांभरलेक के नेतृत्व में तकनीकी सहायता ली जाकर एवं आसूचना संकलन कर दुग्ध उत्पादक सहाकारी समिति मे डीबीटी राशि के गबन, दुग्ध रिकॉर्ड मे हेराफेरी एवं भूगतान राशि मे अनियमितता करने के आरोपी रामरतन चौधरी निवासी जाटो का मौहल्ला, सिरोही कलां थाना नरैना जिला जयपुर को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की गई। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।




## उत्साह व भक्ति भाव के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** गुरु शिष्य का महान पर्व गुरु पूर्णिमा पर ग्राम शुक्लावास में हर वर्ष की भांति इस बार भी प्राचीन ठाकुर जी मंदिर परिसर में विशाल गुरू पूर्णिमा महोत्सव आयोजित हुआ। महोत्सव का प्रारंभ गुरुवार सुबह महंत बिहारीदास महाराज एवं गिरधारीदास द्वारा संतगणो की समाधिस्थल पर पुष्प अर्पित एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ हुआ। तत्पश्चात बाबा शुकदेव दास मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में पंगत प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं हजारों की संख्या में भक्तों ने महाराज बिहारी दास को गुरु दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर महंत बिहारी दास महाराज ने अपने प्रवचनों में संत संप्रदाय के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये शिष्यों को आशीर्वचन दिये। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु और शिष्य की अटूट आस्था का पर्व है। महोत्सव को लेकर पिछले पांच रोज से गांव के कार्यकर्ता दिन रात तैयारियां में जुटे हुये थे। बाहर से आने वाले भक्त लोगों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इसके लिए सैकड़ों कार्यकर्ता पार्किंग से लेकर प्रसादी वितरण की व्यवस्था संभालें हुये थे। ग्रामीणों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में आये करीब 04 हजार से ज्यादा भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।



## बारिश के बाद कोटपुतली में क्रय विक्रय ऑफिस से मेंन चौराहे तक भीषण जाम,आमजन हुए परेशान ,ट्रैफिक व्यवस्था की खुली पोल

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** बीते गुरुवार को कोटपुतली क्षेत्र में हुई तेज बारिश के बाद शहर के प्रमुख चौराहों पर जाम की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। खासकर बस स्टैंड, सब्जी मंडी, और मेन चौराहे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद की लापरवाही और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हल्की बारिश में ही सड़कों पर पानी भर जाता है। फिसलन और कीचड़ के चलते दोपहिया वाहन चालकों को काफी मुश्किलें आई।स्कूल और ऑफिस जाने वाले लोग जाम में फंसे रहे, वहीं एंबुलेंस को भी रास्ता नहीं मिल पाया, जिससे आपात स्थिति और भी गंभीर हो गई।

स्थानीय व्यापारी रामनिवास ने बताया, हर बारिश के बाद यही हालत होती है। प्रशासन को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

प्रशासन की प्रतिक्रिया

नगर परिषद अधिकारी का कहना है कि जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए योजना तैयार की जा रही है। फिलहाल ट्रैफिक पुलिस को अतिरिक्त बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रण में लाने के निर्देश दिए गए हैं।

निष्कर्ष बारश के मौसम में कोटपुतली की ट्रैफिक व्यवस्था की पोल खुल गई है। जब तक नगर प्रशासन ठोस योजना नहीं बनाता, तब तक आमजन को हर बारिश में इसी प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ेगा।




## भाजपा नेताओं के अभिनंदन समारोह में दिया एकता और अखंडता का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जहां एक ओर देश को तोड़ने की साजिशें की जा रही हैं,वहीं दूसरी ओर प्रवासी संघ राजस्थान विंग के प्रदेश संयोजक भीम सिंह कासनिया एवं राजस्थान नाथ समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश योगी की ओर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं विधायक विराटनगर कुलदीप धनकड़ के जन्मदिवस को (अभिनंदन समारोह) एक यादगार दिन के रूप में मनाते हुए आयोजकों ने समाज में एकता और अखंडता का अद्भुत संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और दोनों नेताओं को शुभकामनाएं दीं। इस समारोह में नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सोच को आगे बढ़ाते हुए अत्यंत प्रेरणादायक उद्बोधन देते हुए कहा कि जब सभी प्रदेशों के लोग एक-दूसरे का सम्मान करेंगे, परस्पर सांस्कृतिक गौरव साझा करेंगे और एक परिवार की तरह एकजुट रहेंगे। तभी एक भारत का सपना साकार होगा। नगरीय विकास मंत्री ने विभिन्न प्रदेशों से पधारे सभी प्रवासी जनों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने राज्यों में राजस्थान के निवासियों को परिवार का हिस्सा मानकर सहयोग करें और एकता के सूत्र में बंधे रहें। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के इस दूरदर्शी एवं राष्ट्रहितैषी विचारों का आभार व्यक्त किया तथा इस एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। भीम सिंह कासनिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज के विभिन्न वर्गों में समरसता और भाईचारे की भावना को बल मिलता है।



## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को सीकर और फतेहपुर से मिली आयुर्वेद से जुड़ी पांडुलिपि

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के आयुर्वेद पाण्डुलिपि विज्ञान विभाग को सीकर जिले के दो प्रतिष्ठित पुस्तकालयों महावीर पुस्तकालय, सीकर एवं श्री सरस्वती पुस्तकालय, फतेहपुर— द्वारा दुर्लभ पाण्डुलिपियाँ एवं ग्रंथ अध्ययन एवं संरक्षण हेतु प्रदान किए गए हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने दोनों पुस्तकालयों के पदाधिकारियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को आयुर्वेदिक ज्ञान-संपदा के संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया। संस्थान को विश्वास है कि इस प्रकार के संयुक्त प्रयास पारंपरिक भारतीय चिकित्सा साहित्य के संरक्षण और पुनरुद्धार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।विभागाध्यक्ष प्रो. असित कुमार पाञ्जा के अनुसार, सभी प्राप्त सामग्री का उपयोग केवल शैक्षणिक शोध एवं संरक्षण कार्यों में किया जाएगा। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संरक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सभी प्रतियाँ संबंधित पुस्तकालयों को संरक्षित रूप में लौटा दी जाएंगी। यह पांडुलिपि डॉ. विनोद कुमार जैन , अध्यक्ष, माधव सेवा समिति एवं सरस्वती पुस्तकालय प्रशासन के सहयोग से संस्थान को मिली है। महावीर पुस्तकालय से प्राप्त पाण्डुलिपियों में 'रावण महातन्त्र' (सिद्ध नागार्जुन), 'दिनचर्या', 'ज्वर रूप', 'सामुद्रिक शास्त्र' और 'न्याय सिद्धान्त' प्रमुख हैं। वहीं, श्री सरस्वती पुस्तकालय से 'वैद्यक औषध (गुटका)', 'वैद्यक संजीवनम्', 'योग सूत्र वृत्ति मणि प्रभा टीका' सहित 'त्रिदोष विमर्श', 'रसायन सार', 'भेल संहिता' एवं 'हारित संहिता' जैसे मूल्यवान ग्रंथ प्राप्त हुए हैं।



# गवर्नेंस में सुधार करने में सरकार नाकाम : इमरान कुरैशी

## प्रदेश में बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था पर जताई चिंता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पीसीसी सचिव इमरान कुरैशी ने प्रदेश में दिनोंदिन बिगड़ती जा रही कानून-व्यवस्था पर चिंता जताई है। वहीं राज्य सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने और बढ़ती दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए एक्शन प्लान नहीं होने पर अफसोस जताया है। उन्होंने दौसा के एक विधायक का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके घर में चोरियां हो रही हैं, जोधपुर शहर में एसडीएम के घर में दिनदहाड़े चोरी हो गई। जब एक विधायक और एसडीएम की यह हालत है, तो आम जनता का क्या हाल होगा? इसके अलावा, उन्होंने बजरी खनन में माफिया के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताई। वे बोले- कांग्रेस कार्यकाल में भी बजरी खनन की समस्या थी, लेकिन सरकार ने इसे रोकने की कोशिश की।



अब तो ऊपर से नीचे तक नेक्सस बन गया है। पुलिस पर हमले हो रहे हैं, जो गैंग का हिस्सा नहीं, उन्हें कुचल दिया जाता है। उन्होंने मध्यमवर्गीय परिवारों को बजरी की महंगी कीमतों से होने वाली परेशानी का भी जिक्र किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को सलाह दी कि वे दौरे करने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था, बजरी माफिया और प्रशासनिक समस्याओं पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पास बड़ी शक्ति है, उसका उपयोग करें। अगर गवर्नेंस कमजोर रही, तो नुकसान सरकार को ही होगा।

### प्राइवेट अस्पतालों में इलाज हो रहा प्रभावित

पीसीसी सचिव इमरान कुरैशी ने सरकार की योजनाओं पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की प्रशासन गांव के संग योजना को बंद कर इसका नाम बदल दिया गया। आरजीएचएस जैसी कर्मचारी हितैषी योजना को भी कमजोर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 25 लाख का बीमा अब भी है, लेकिन जनता के दिमाग में यह बैठ गया कि यह खत्म हो गया। प्राइवेट अस्पतालों में इलाज प्रभावित हो रहा है, क्योंकि भुगतान नहीं हो रहा। उन्होंने सरकार को चेताया कि ऐसी गवर्नेंस का नुकसान उसे ही भुगतना पड़ेगा।

### गवर्नेंस में सुधार लाने की अपील

इमरान कुरैशी ने आईपीएस अधिकारियों के प्रमोशन में देरी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रमोशन हो चुके हैं, लेकिन लिस्ट जारी नहीं हो रही। नए डीजीपी बन गए, फिर भी देरी क्यों? उन्होंने सीएम भजनलाल शर्मा से अपनी शक्तियों का उपयोग कर गवर्नेंस में सुधार लाने की अपील की।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय नर्सरी मैनेजर, राजस्थान हॉर्टीकल्चर एवं नर्सरी सोसायटी, इकाई-देवडावास, टोंक-304802**

क्रमांक:-राजहंस/श्रमिक निविदा/2025-26/97 दिनांक:-04/07/2025

**ई-निविदा सूचना-01/2025-26**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्यालय नर्सरी मैनेजर, राजस्थान हॉर्टीकल्चर एवं नर्सरी सोसायटी, इकाई-देवडावास, टोंक पर श्रमिक कार्य एवं अन्य कार्यों हेतु निविदा दस्तावेज हेतु श्रम विभाग में पंजीकृत निविदादाता/संवेदकों से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदादाता/संवेदकों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई निविदा की लागत 11.15 लाख रुपये है। ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

NIB-HOR2526A0075
UBN-HOR2526SLOB00078

**उपनिदेशक उद्यान एवं नियंत्रण अधिकारी,**
**राजहंस इकाई, देवड़ावास, टोंक**

**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः-न.पा.नि./निर्माण/2025-26/4525 दिनांकः- 08.07.2025

**ई. बोली सूचना संख्या :- 16/2025-2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| | | |
|---|---|---|
| बोली का कार्य | : | NIB Code:- DLB2526A3368 (कुल 1 कार्य) |
| Unique Bid Number | | DLB2526WSOB10544 |
| बोली की कुल लागत | : | Rs 11.50 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनाक | : | दिनांक 11.07.2025 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : | दिनांक 11.07.2025 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : | दिनांक 21.07.2025 सांय 18.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | दिनांक 22.07.2025 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 120 Day |

अध्यक्ष
नगर पालिका निवाई
राज.संवाद/सी/25/6027

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निवाई

**कार्यालय नगर परिषद टोंक**

क्रमांक :-न.प.टोंक/निर्माण/2025-26/5358 दिनांक :- 10.07.2025

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH**
**NIT No. 32/2025-26**

Bids are invited from interested bidders from 11.07.2025 (10.00PM) to 23.07.2025 (06.00PM) as per following details. Other particulars of he bid may be visited on procurement portal (www.Sppp.Rajasthan.gov.in, http:/eproc.rajasthan.gov.in) of the state
NIB No. DLB2526A3410

| NIT No. | Name of work | UBN No. |
|---|---|---|
| 32/2025-26 | आरसीसी नाला निर्माण कार्य पुलिस परेड मैदान के पीछे, नगर परिषद टोंक। (अनुमानित राशि 14.50 लाख) | DLB2526WSOB10665 |

Date & time of opening of tender 24.07.25 2025 at ............ Hrs

आयुक्त
नगर परिषद, टोंक
राज.संवाद/सी/25/6031

## सम्पादकीय

# भगवंत मान के गैर-जिम्मेदाराना बयान से मोदी के कूटनीतिक प्रयासों पर फिर सकता है पानी

इस बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने आपत्ति जताई है और अपने बयान में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं की आलोचना वाली टिप्पणी की निंदा करते हुए इसे गैरजिम्मेदाराना करार दिया है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं पर कटाक्ष करते हुए एक बेहद गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी की है जिसको लेकर विवाद गहरा गया है। देखा जाये तो राजनीति में एक दूसरे की आलोचना करना या विचारों से असहमति जताना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह टिप्पणी देश की विदेश नीति या प्रधानमंत्री की अंतरराष्ट्रीय कूटनीति से जुड़ी हो, तब यह सिर्फ आंतरिक राजनीति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसके राजनयिक प्रभाव भी हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि भगवंत मान ने एक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह 140 करोड़ लोगों वाले देश में नहीं रहते, बल्कि 10,000 की आबादी वाले देशों का दौरा करते हैं।

इस बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने आपत्ति जताई है और अपने बयान में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं की आलोचना वाली टिप्पणी की निंदा करते हुए इसे गैरजिम्मेदाराना करार दिया है। भगवंत मान का नाम लिए बिना मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार ''राज्य के एक उच्च पदाधिकारी'' द्वारा की गई उन अनुचित टिप्पणियों से खुद को अलग करती है, जिसमें मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों की अनदेखी की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने ग्लोबल साउथ के मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों के बारे में राज्य के एक उच्च पदाधिकारी द्वारा की गई कुछ टिप्पणियां देखी हैं। उन्होंने भगवंत मान की टिप्पणी पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, ये टिप्पणियां गैरजिम्मेदाराना और खेदजनक हैं तथा राज्य के किसी पदाधिकारी को शोभा नहीं देतीं। जायसवाल ने कहा, भारत सरकार मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों को कमजोर करने वाली ऐसी अनुचित टिप्पणियों से खुद को अलग करती है।

देखा जाये तो भगवंत मान को समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री की विदेश यात्राएं केवल द्विपक्षीय या बहुपक्षीय बैठकें नहीं होतीं, बल्कि वे भारत की वैश्विक स्थिति, रणनीतिक भागीदारी, निवेश संभावनाओं और सांस्कृतिक सॉफ्ट पावर को मजबूत करने का माध्यम भी होती हैं। प्रधानमंत्री के विदेशी दौरों के दौरान दिये गये बयान और घोषणाएं भारत की विदेश नीति का चेहरा बनती हैं। ऐसे में जब देश का एक मुख्यमंत्री सार्वजनिक रूप से इन यात्राओं की खिल्ली उड़ाता है, तो विदेशी सरकारें और कूटनीतिक संस्थान भारत की आंतरिक एकता, राजनीतिक परिपक्वता और स्थायित्व पर सवाल उठा सकते हैं।

भगवंत मान को समझना चाहिए कि विदेशी राष्ट्र भारत के भीतर के राजनीतिक मतभेदों को सावधानी से परखते हैं। भगवंत मान जैसे नेताओं की टिप्पणियां यह संकेत दे सकती हैं कि भारत की विदेश नीति पर विपक्षी दलों में विश्वास की कमी है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 11 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1493 नूर्नबर्ग क्रॉनिकल, सबसे अच्छी तरह से प्रलेखित शुरुआती पुस्तकों में से एक, पहली बार प्रकाशित हुई थी।
- 1543 इंग्लैंड के राजा हेनरी ने कैथरीन पार्र से अपनी छठी अंतिम पत्नी हैम्पटन कोर्ट पैलेस में शादी की।
- 1561 सेंट बासिल्स कैथेड्रल, भौगोलिक केंद्र के समीप स्थित, को संरक्षित किया गया था।
- 1561 मॉस्को के भौगोलिक भौगोलिक क्षेत्र में स्थित सेंट बेसिल कैथेड्रल (चित्र) का अभिषेक किया गया।
- 1673 नीदरलैंड और डेनमार्क के बीच रक्षा संधि पर हस्ताक्षर हुए।
- 1690 विलियम ऑफ ऑरेंज के नेतृत्व में प्रोटेस्टेंटों ने रोमन कैथोलिक सेना को पराजित किया।
- 1704 स्टानिस्लाव लेस्जसिन्स्की पोलैंड का राजा बनाया गया।
- 1730 लोरेन्जो कॉर्सिनी को पोप क्लेमेंस बारहवीं के रूप में चुना गया।
- 1774 कार्लिस्ले, पेनसिल्वेनिया के नागरिक, आजादी के प्रतीकात्मक घोषणापत्र को पास किया।
- 1776 कप्तान जेम्स कुक की तीसरी यात्रा शुरू हुई। वह ब्रिटिश खोजकर्ता और नाविक थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में ग्रेट बैरियर रीफ की खोज की। उन्होंने अपनी तीसरी यात्रा के दौरान हवाई द्वीपसमूह की भी खोज की।
- 1789 फ्रांसीसी क्रांति-पत्रकार केमिली डेसमौलिन ने एक दिन पहले वित्त मंत्री जैकसेक की बर्खास्तगी के विरोध में अनमोल भाषण दिया, जिसने श्रोताओं को बाद में बैस्टिल ट्वोडीज़ के लिए प्रेरित किया।
- 1794 होरैतियो नेल्सन कोर्सिका में काल्वी में एक ब्रिटिश सेना के ऑपरेशन में अपनी दाहिनी आंखों में दृष्टि खो दी।
- 1801 अल्जीसिरास की लड़ाई में ब्रिटेन ने फ्रांस और स्पेन को पराजित किया।
- 1801 फ्रांसीसी क्रांतिकारी युद्धों-लाइन के ब्रिटिश रॉयल नेवीशिप के एक स्क्वाड्रन ने जिब्राल्टर के गट में स्पेनिश नौसेना और फ्रांसीसी नौसेना के जहाजों के एक बड़े स्क्वाड्रन को हराया।
- 1801 अलगेसिरस की दूसरी लड़ाई में ब्रिटिश सेना ने फ्रेंच और स्पेनिश सेना को हरा दिया।
- 1812 अमेरिका ने कनाडा पर विंडसर, ओन्टेरियो में आक्रमण किया।
- 1843 लैटर डे संत आंदोलन के संस्थापक जोसेफ स्मिथ, ने बहुविवाह की सिफारिश करने वाले एक खुलासे की घोषणा की।
- 1862 मेडल ऑफ ऑनर अमेरिकी कांग्रेस द्वारा अधिकृत था। यह संयुक्त राज्य अमेरिका का सर्वोच्च सैन्य सम्मान है। यह सैन्यकर्मियों को ही दिया जाता है। इसके तीन अलग-अलग संस्करण हैं। एक नौसेना के लिए है, एक सेना के लिए है और एक एयरफोर्स के लिए है।
- 1874 ओन्टारियो कृषि कॉलेज की स्थापना की गयी।
- 1912 'क्वीन एलिजाबेथ' अमेरिका में प्रदर्शित होने वाली पहली विदेशी फिल्म बनी।
- 1917 विजिलेंस ने जबरन 1,300 हड़ताली खदान मजदूरों, उनके समर्थकों और बिसबे, एरिज़ोना, अमेरिका से न्यू मैक्सिको के निर्दोष दर्शकों को खदेड़ दिया।
- 1918 टोकायाम की खाड़ी में जापानी युद्धपोत में विस्फोट हुआ।

विशेष आलेख

# क्या अब 'डीप स्टेट' का नया मोहरा प्रशांत किशोर होंगे?



रामस्वरूप रावतसरे

**जानकारों की माने तो ये पहली बार नहीं है जब विदेशी फंडिंग को लेकर चर्चा हो रही है। दिल्ली के रामलीला मैदान में हुआ अन्ना आंदोलन और उससे निकलने वाली आम आदमी पार्टी और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के विदेशी फंडिंग की जाँच सरकार कर रही है। ईडी ने आम आदमी पार्टी को 2014 से 2022 के बीच 7.08 करोड़ रुपए का विदेशी फंड मिलने की जानकारी गृहमंत्रालय को दी थी। इसमें अमेरिका,कनाडा, सऊदी अरब, यूएई से लेकर कई यूरोपीय देश शामिल हैं।**

बिहार में प्रशांत किशोर और नॉर्वे के राजनयिक की गुप्त बैठक के बाद एक बार फिर डीप स्टेट टुलकिट की चर्चा होने लगी है। कई देशों को अस्थिर कर चुका ये टुलकिट भारत में कई बार अपना हाथ आजमा चुका है। किसान आंदोलन, पहलवान आंदोलन, अन्ना आंदोलन और उसके बाद केजरीवाल की मदद कर चुका है। सीसीए के खिलाफ देशभर में हुए विरोध प्रदर्शन और सबसे बड़ा शाहीन बाग आंदोलन ऐसे टुलकिट के जरिए मिले विदेशी फंडिंग के दम पर फले-फूले।

जानकारी के अनुसार भारत में नॉर्वे की राजदूत एलिन स्टेनर ने राजनीतिक रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर से पटना में उनके आवास पर बैठक की है। देखने में यह एक सामान्य कूटनीतिक मुलाकात लग सकती है। लेकिन नॉर्वे के इतिहास और बिहार के लिए प्रशांत किशोर की महत्वाकांक्षा को देखते हुए कई राजनीतिक जानकार इस मुलाकात की जाँच कराने की माँग कर रहे हैं।

अलग-अलग राजनीतिक दलों के लिए चुनावी रणनीतियाँ बनाने वाले प्रशांत किशोर अब जन सुराज पार्टी बना कर बिहार के चुनावी राजनीति में पैर जमाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में ये मुलाकात कहीं बिहार से संबंधित तो नहीं है? क्या किसी इंटरनेशनल संगठन की बिहार में विशेष रुचि हैं? ये भारत की अस्थिर करने की साजिश तो नहीं? या बिहार में निवेश को लेकर प्रशांत किशोर गंभीर हो रहे हैं, हालाँकि उन्होंने पहले ही कह दिया है कि बिहार को किसी बड़े कारखाने की जरूरत ही नहीं है। इस दौरान उन्होंने नार्वे के विकास की बात भी कही थी। तो क्या निवेश और पर्यावरण के नाम पर अब प्रशांत किशोर को नार्वे अपने एजेंडे के तहत सेट कर रहा है? प्रशांत किशोर को बिहार का अभिजात्य वर्ग भी पसंद कर रहा है। ऐसे में प्रशांत किशोर के सहारे अनौपचारिक किंगमेकर बनने की कोशिश नार्वे कर सकता है, ताकि भारत के संघीय ढाँचे को नुकसान पहुँचाया जा सके। कई लोग तो प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी की विदेशी फंडिंग की जाँच की माँग भी कर रहे हैं।

जानकारों की माने तो ये पहली बार नहीं है जब विदेशी फंडिंग को लेकर चर्चा हो रही है। दिल्ली के रामलीला मैदान में हुआ अन्ना आंदोलन और उससे निकलने वाली आम आदमी पार्टी और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के विदेशी फंडिंग की जाँच सरकार कर रही है। ईडी ने आम आदमी पार्टी को 2014 से 2022 के बीच 7.08 करोड़ रुपए का विदेशी फंड मिलने की जानकारी गृहमंत्रालय को दी थी। इसमें अमेरिका,कनाडा, सऊदी अरब, यूएई से लेकर कई यूरोपीय देश शामिल हैं। कहीं ऐसा तो नहीं है कि अब केजरीवाल का ग्राफ नीचे जाते ही प्रशांत किशोर विदेशियों के लिए नए विकल्प के रूप में सामने आ रहे हैं। इससे पहले सीएए के खिलाफ देशभर में हुई हिंसा और शाहीन बाग आंदोलन में विदेशी ताकतों का हाथ होने की बात सामने आई। ईडी ने साफतौर पर पीएफआई के फंडिंग की बात की थी। यही हाल किसान आंदोलन और महिला पहलवानों के विरोध का भी रहा। केन्द्र सरकार ने अमेरिकन अरबपति जॉज सोरोस के नेतृत्व वाला ऑपन सोसाइटी फाउंडेशन पर आंदोलन को आर्थिक मदद करने का आरोप लगाया था। आंदोलन का मकसद भारत की आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना और देश को अस्थिर करना था। किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले राकेश टिकैत पर खुद उनके सहयोगियों ने भी विदेशी फंडिंग का आरोप लगाया था। नॉर्वे ने भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर को लेकर खुद को 'तटस्थ' बताते हुए मध्यस्थता का प्रस्ताव दिया था। लेकिन भारत ने इसे सिरे से खारिज कर दिया क्योंकि कश्मीर मामले में 'बाहरी हस्तक्षेप' हमें कभी कबूल नहीं रहा। अब बिहार के बहाने भारत में फिर से दिलचस्पी लेना एक पूर्वनियोजित रणनीति का हिस्सा लगता है।

डीप स्टेट खुफिया तंत्रों सीआईए, एफबीआई जैसे अमेरिकन इंटेलिजेंस एजेंसी का नेटवर्क है। इनमें दुनिया के सरकारी और गैर सरकारी अभिजात्य वर्ग शामिल हैं, जो लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार से ज्यादा ताकतवर है। ये दुनिया के किसी भी कोने में सरकारों को बनाने- गिराने का माद्दा रखती है। ओस्लो का डीप स्टेट के साथ रिश्ता काफी गहरा है। नाटो के साथ उसका ऐतिहासिक समझौता है और डीप स्टेट का सेंटर ऑस्लो में है। दुनिया का सबसे बड़ा हथियार निर्यातक देश नॉर्वे हर हाल में सीआईए को भी सूट करता बताया जाता है।

नॉर्वे का 1.4 ट्रिलियन डॉलर का सॉवरेन ऑयल फंड उसे मजबूत बना रहा है। ये मुनाफा रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूरोप के ऊर्जा संकट से हुए रिकॉर्ड युद्ध मुनाफ़े पर आधारित है। क्योंकि कई देशों ने रूस से ऑयल खरीदना बंद कर दिया था। इसका फायदा नॉर्वे को मिला। सॉवरेन ऑयल फंड की वैल्यू दुनिया में दखलंदाजी के लिए काफी है। इसने क्लिंटन फाउंडेशन, बिल गेट्स की परियोजनाओं और नाटो से जुड़े दुनिया के कई देशों में शासन बदलने की कोशिशों में लगे संगठनों को मदद करता है। यही वजह है कि अर्थशास्त्री अब नॉर्वे से आग्रह कर रहे हैं कि वह इस फंड का उपयोग यूक्रेन की आर्थिक मदद के लिए करे। दिल्ली में केजरीवाल सरकार का जाना, आम आदमी पार्टी का कमजोर पड़ना और शाहीन बाग- किसान विरोध जैसे आंदोलन के नहीं चलने के बाद अब डीप स्टेट टूलकिट के जद में प्रशांत किशोर आ गए हैं।

# संघ प्रमुख 75 में 'सेवानिवृत्ति' के पक्ष में, तो मोदी क्यों अपवाद !



अजय कुमार


**सबसे पहले बता दें भागवत का यह बयान कोई नया नहीं है। 2019 में भी उन्होंने इसी तरह की टिप्पणी की थी, लेकिन तब उन्होंने स्पष्ट किया था कि नरेंद्र मोदी इस नियम से अपवाद हैं, क्योंकि उनकी नेतृत्व क्षमता और प्रासंगिकता असाधारण है। इस बार, हालांकि, भागवत ने ऐसा कोई अपवाद स्पष्ट नहीं किया, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या उनका दृष्टिकोण बदल गया है। यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और आरएसएस के बीच संबंधों को लेकर चर्चा को हवा देता है।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में नागपुर में एक पुस्तक विमोचन समारोह के दौरान तल्ख टिप्पणी की कि 75 वर्ष की आयु पूरी होने पर नेताओं को सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए और नई पीढ़ी को अवसर देना चाहिए। यह बयान उन्होंने दिवंगत आरएसएस विचारक मोरोपंत पिंगले के हवाले से दिया, जिन्होंने कथित तौर पर कहा था कि 75 वर्ष की आयु में शॉल ओढ़ाए जाने का अर्थ है कि व्यक्ति को अब रुक जाना चाहिए और दूसरों को आगे आने देना चाहिए। भागवत का यह बयान, जो सामान्य प्रतीत होता है, ने भारतीय राजनीति में तीव्र चर्चा को जन्म दिया है, विशेष रूप से इसलिए क्योंकि यह बयान ऐसे समय में आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वयं भागवत, दोनों सितंबर 2025 में 75 वर्ष के हो जाएंगे। इस बयान ने विपक्षी दलों को यह सवाल उठाने का अवसर दिया कि क्या यह टिप्पणी मोदी के लिए एक सूक्ष्म संदेश है या यह केवल एक सामान्य वैचारिक सिद्धांत की पुनरावृत्ति है।

सबसे पहले बता दें भागवत का यह बयान कोई नया नहीं है। 2019 में भी उन्होंने इसी तरह की टिप्पणी की थी, लेकिन तब उन्होंने स्पष्ट किया था कि नरेंद्र मोदी इस नियम से अपवाद हैं, क्योंकि उनकी नेतृत्व क्षमता और प्रासंगिकता असाधारण है। इस बार, हालांकि, भागवत ने ऐसा कोई अपवाद स्पष्ट नहीं किया, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या उनका दृष्टिकोण बदल गया है। यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और आरएसएस के बीच संबंधों को लेकर चर्चा को हवा देता है। बीजेपी, जो आरएसएस की वैचारिक शाखा मानी जाती है, में पहले भी 75 वर्ष की आयु सीमा का अनौपचारिक नियम रहा है, जिसके तहत लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और जसवंत सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं को सक्रिय राजनीति से हटाकर मार्गदर्शक मंडल में शामिल किया गया था। लेकिन नरेंद्र मोदी के मामले में इस नियम को लागू करने की संभावना पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि उनकी लोकप्रियता, वैश्विक कद, और पार्टी पर पकड़ अभी भी मजबूत है।

भागवत का यह बयान विपक्षी दलों के लिए एक सुनहरा अवसर बन गया है। कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि यह बयान मोदी के लिए एक घर वापसी का संदेश है, और शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत ने इसे सीधे तौर पर मोदी के लिए संदेश के रूप में व्याख्या की। राउत ने यह भी उल्लेख किया कि मोदी ने स्वयं इस आयु सीमा के नियम को लागू किया था, और अब यह देखना बाकी है कि क्या वह इसे स्वयं पर लागू करेंगे। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने भी पिछले साल इस मुद्दे को उठाया था, जब उन्होंने भागवत को पत्र लिखकर पूछा था कि क्या वह बीजेपी के इस नियम से सहमत हैं, जिसके तहत 75 वर्ष से अधिक आयु के नेताओं को सेवानिवृत्त किया जाता है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



वन्दिता राणा (आईपीएस)
(एसपी अजमेर)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं अजमेर जिले की पुलिस कप्तान श्रीमती वन्दिता राणा जी। 12 अस्त सन 1987 को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में जन्मी वन्दिता शुरू से ही होनहार रहीं। अपनी शिक्षा पूर्ण कर भारतीय पुलिस सेवा में शामिल हुई और आज पुलिस अधीक्षक अजमेर पद को सुशोभित कर रही हैं। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक, कोटपूतली-बहरोड़। पुलिस अधीक्षक, सिरोही। पुलिस अधीक्षक, दौसा। पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर पश्चिम पुलिस आयुक्तालय जयपुर। पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय, जयपुर। पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोधपुर शहर, पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर। पुलिस उपायुक्त, क्राइम, पुलिस आयुक्तालय जयपुर। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भरतपुर मुख्यालय। सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत्त.देवली जिला.टोंक। सहायक पुलिस अधीक्षक, सीकर। व अतिरिक्त प्रभार पुलिस अधीक्षक, केकड़ी रहीं हैं। वंदिता राणा जयपुर, दौसा और सिरोही की पुलिस अधीक्षक रह चुकी हैं राणा जयपुर में अपने कार्यकाल के दौरान मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए जानी जाती हैं, उन्होंने दौसा की पुलिस अधीक्षक रहते हुए विशेष अभियान के जरिये दर्जनों तस्करों की धरपकड़ की है, इसके अलावा वंदिता ने युवाओं को भी नशे के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर अभियान चलाया था जोकि मील को पत्थर साबित हुआ।
आईपीएस वंदिता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले की रहने वाली हैं, उन्होंने गाजियाबाद के सरकारी स्कूल से 12 वीं तक की तालीम हासिल की उसके बाद ग्रेजुएशन भी गाजियाबाद के ही एक सरकारी कॉलेज से पूरी की, वन्दिता ने बायोटेक्नोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। अब तक का उनका कार्यकाल अच्छा रहा है वे कहती हैं कि उन्हें भारतीय पुलिस सेवा के माध्यम से लोगों की सेवा करने का अवसर मिला। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण

# बंगाल के लौह पुरुष कहे जाते थे ज्योति बसु

कोलकाता में 08 जुलाई 1914 को ज्योति बसु का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम निशिकांत बसु और मां का नाम हेमलता देवी था। इन्होंने शुरूआती शिक्षा प्राप्त करने के बाद प्रेसीडेंसी कॉलेज से अंग्रेजी में स्नातक किया।भारत के वामपंथी सुपरस्टार ज्योति बसु का 08 जुलाई को जन्म हुआ था। हालांकि उनकी एकतरफा शैली के लिए हमेशा आलोचना की जाती थी। लेकिन ज्योति बसु की राजनीतिक सूझबूझ और निर्णय क्षमता को भी समान रूप से स्वीकार किया गया था। ज्योति बसु हमेशा हमेशा कलफ लगे सफेद कपड़े पहनना पसंद करते थे। बता दें कि वह 23 साल से भी ज्यादा समय तक पश्चिम बंगाल के सीएम रहे। वह किसी भी भारतीय राज्य के सबसे लंबे समय तक सीएम बने रहने वाले पहले व्यक्ति थे। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर ज्योति बसु के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में ...

जन्म और शिक्षा

कोलकाता में 08 जुलाई 1914 को ज्योति बसु का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम निशिकांत बसु और मां का नाम हेमलता देवी था। इन्होंने शुरूआती शिक्षा प्राप्त करने के बाद प्रेसीडेंसी कॉलेज से अंग्रेजी में स्नातक किया। फिर साल 1935 में कानून की पढ़ाई के लिए ब्रिटेन चले गए। ब्रिटेन में रहने के दौरान वह वामपंथी सिद्धांत और व्यवहार से प्रभावित हो गए। वह ग्रेट ब्रिटेन की कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े थे। जब वह भारत वापस लौटे तो भारत की स्वतंत्रता के लिए काम करना जारी रखा।

इस दौरान वह जवाहलाल नेहरू जैसे व्यक्तियों के लिए काम करने लगे। साल 1940 में भारत वापस लौटने के बाद बसु ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में बैरिस्टर के तौर पर रजिस्ट्रेशन करवाया। फिर साल 1944 में बंगाल असम रेलरोड वर्कर्स यूनियन का गठन हुआ, तो ज्योति बसु इसके पहले सचिव बने।

पश्चिम बंगाल के सीएम

देश को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने के साल 1952 में ज्योति बसु बारानगर से बंगाल विधानसभा के लिए चुने गए। 1950-60 के दशक में वह मूल रूप से प्रांतीय राजनीतिज्ञ बने रहे। अक्सर उनको गिरफ्तार किया जाता था और वह पुलिस को चकमा देने के लिए भूमिगत हो जाते थे। जब सीपीआई का विभाजन हुआ, तो ज्योति बसु सीपीआई (एम) के पोलित ब्यूरो के सदस्य बन गए। साल 1977 में यानी की आपातकाल के बाद वाम मोर्चे ने पश्चिम बंगाल राज्य में अपनी सरकार बनाई और ज्योति बसु राज्य का मुख्यमंत्री चुना गया।

पीएम पद का ऑफर

साल 1996 में ज्योति बसु भारत के पहले कम्युनिस्ट प्रधानमंत्री बनने के काफी करीब पहुंच गए थे। ज्योति बसु को पीएम बनने का प्रस्ताव मिला, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं। यदि आप किसी नई योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो थोड़ा समय लें ।

### वृष
वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। संयम बनाए रखें और खासतौर पर आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

### मिथुन
मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा। पैसों के लेन-देन में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### कर्क
कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी, पर उससे जुड़े लाभ भी होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई अधूरा कार्य पूरा करने का दबाव रहेगा

### सिंह
सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कन्या
कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी, विशेषत: शिक्षा और लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला
तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी। पेट और आंखों की समस्या से सतर्क रहें।

### वृश्चिक
वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक?की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी। मानसिक तनाव और सिरदर्द हो सकता है।

### धनु
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर
मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति का विवाद हल हो सकता है।

### कुंभ
कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
मीन राशि के लोगों का दिन सफलता और संतुलन दोनों लेकर आया है। कठिन समय खत्म होता दिख रहा है। व्यापार में नए अवसर मिलेंगे और विरोधियों पर विजय मिलेगी। खानपान पर ध्यान देना जरूरी है वरना पेट की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता रैलियों एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आमजन को बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणामों, परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थ्य एवं मानव अधिकारों आदि विषयों के संबंध में जागरूक करने हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर से जागरूकता रैली तथा रणथम्भौर सिद्धि विनायक रिसोर्ट में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम ने बताया कि आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में अधिकार मित्रों एवं पैनल अधिवक्ताओं द्वारा बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणामों जैसे गरीबी, अपराधों में वृद्धि, संसाधनों की कमी तथा परिवार नियोजन से होने वाले व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी लाभों, आर्थिक, सामाजिक लाभों एवं लैंगिक समानता के तहत स्त्रियों एवं पुरुषों को समान अधिकार एवं समान अवसरों की उपलब्धता तथा गरीबी के कारणों जैसे लिंग, जाति के आधार पर भेदभाव, काम की उपलब्धता और वेतन में असमानता, गरीबों के दुष्प्रभावों जैसे भुखमरी, कुपोषण, अशिक्षा, उच्च मृत्यु दर, अपराधों में वृद्धि तथा गरीबी को कम करने के उपायों, मातृ स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों तथा शिक्षा का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार जैसे मानवाधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

# थप्पड़कांड के आरोपी नरेश मीणा को हाईकोर्ट से जमानत

## 8 महीने बाद जेल से आएगा बाहर, उपचुनाव में एसडीएम से की थी मारपीट

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ जयपुर (राकेश शर्मा)।** देवली-उनियारा उपचुनाव-2024 में उपखंड अधिकारी को थप्पड़ मारने वाला नरेश मीणा जेल से बाहर आएगा। शुक्रवार सुबह राजस्थान हाईकोर्ट ने थप्पड़कांड के बाद हुई आगजनी के मामले में जमानत दी है। मीणा को थप्पड़ मारने के केस में पहले ही जमानत मिल चुकी है। हालांकि, नरेश मीणा के शुक्रवार को जेल से बाहर आने की संभावना कम है। दरअसल, 13 नवंबर 2024 को टोंक के समरावता गांव में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद समरावता सहित कई इलाकों में आगजनी और तोड़फोड़ कर घटना हुई थी।

### पहले दो बार खारिज हुई थी जमानत

नरेश मीणा के वकील फतेहराम मीणा ने बताया कि इससे पहले इसी मामले में नरेश मीणा की दो जमानत याचिकाएं हाईकोर्ट से खारिज हो चुकी हैं। हाईकोर्ट ने 14 फरवरी को पहली और 30 मई को दूसरी जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। लेकिन आज जस्टिस प्रवीर भटनागर की अदालत ने नरेश मीणा की तीसरी जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए उसे जमानत दे दी। गौरतलब है कि नरेश मीणा की गिरफ्तार के बाद भी ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया था। रात 8 बजे तक मतदान हुआ। रात करीब 9.45 बजे नरेश मीणा धरने से उठकर पुलिस से मिलने गए। पुलिस ने नरेश मीणा को हिरासत में ले लिया था। मीणा के समर्थकों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, वे और भड़क गए थे। सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी नरेश मीणा को पुलिस हिरासत से छुड़ाकर ले गए थे। पुलिस के लाठीचार्ज करने पर नरेश मीणा के समर्थक भड़क गए और पथराव-आगजनी कर दी। 14 नवंबर को पुलिस ने नरेश मीणा को धरनास्थल से गिरफ्तार कर लिया था। फिर कोर्ट के आदेश पर 15 नवंबर को जेल भेज दिया। फिलहाल नरेश मीणा टोंक की जेल में बंद है।



### यह है पूरा मामला

13 नवंबर 2024 को देवली-उनियारा विधानसभा के उपचुनाव के लिए मतदान हुआ था। इसमें समरावता गांव के लोगों ने उनके गांव को उनियारा उपखंड में शामिल करने की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार कर रखा था। उस समय निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा भी ग्रामीणों की मांग वाजिब बताते हुए ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए थे। मतदान बहिष्कार के बावजूद 3 लोगों के जबरन वोट दिलाने का आरोप लगाते हुए नरेश मीणा ने एसडीएम अमित चौधरी के थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद वापस धरने पर जाकर बैठ गए थे।

## जिले में मोटर वाहन अधिनियम के तहत विशेष अभियान

# यातायात नियम तोड़ने वाले ड्राइवरों का होगा लाइसेंस निलम्बित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में मलारना डूंगर क्षेत्र में यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों की अब खैर नहीं है। नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर जिला पुलिस अब चालक लाइसेंस निलम्बित करने की तैयारी कर ली है! पुलिस 11 से 25 जुलाई तक विशेष अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करेगी। गौरतलब है कि राज्य में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा सड़क हादसे में मौतों के बढ़ते ग्राफ को कम करने के मकसद से उच्च न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति गम्भीर है। यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनके चालक लाइसेंस निलम्बन करने तक की सिफारिश कर चुकी है, लेकिन अभी तक इस पर कोई खासा अमल होता नहीं दिखाई दे रहा। हालांकि अब समिति की सिफारिश को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने जिले में 11 से 25 जुलाई तक विशेष अभियान चलाने के लिए समस्त थानाअधिकारियों तथा ट्रेफिक पुलिस को निर्देश दिए हैं। पूर्व में भी समय-समय पर जिले में ऐसे अभियान चलाकर पुलिस चालकों को जागरूक करती रही है, लेकिन उन पर इसका असर नजर नहीं आया।

### इन पर होगी कार्रवाई

पुलिस के अनुसार तेज गति से वाहन चलाने, ओवरलोड भारवाहक वाहन चलाने, भारवाहक वाहनों में सवारी बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने, नशे में वाहन चलाने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाने तथा खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दोषी वाहन चालकों के चालक लाइसेंस निलम्बन के लिए जिला परिवहन अधिकारी को सिफारिश की जाएगी।

### इनका कहना है

**यातायात नियम, चालक और यात्रियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। वाहन चालक स्वेच्छा से नियमों का पालन करें। अपनी और अपनों की जान की रक्षा करें। मजबूरन नियमों की पालना के लिए ही दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाती है।**

*जितेन्द्र कुमार सोलंकी, थानाधिकारी मलारना डूंगर*

# आकांशी ब्लॉक पीपलू में प्रगति को लेकर आवंटित लक्ष्यों को पूरा करें-जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(का.स.)।** केंद्र सरकार के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत टोंक जिले के पीपलू ब्लॉक में सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार बिंदुओं में प्रगति को लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक ली। जिला कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक सरोज मीणा को गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशु की माताओं एवं 6 साल तक बच्चों के पोषण से संबंधित डाटा को नियमित फीड करने के निर्देश दिए, ताकि ब्लॉक की प्रगति दिखे। उपनिदेशक ने बताया कि विटामिन ए, फोलिक एसिड एवं आयरन गोलियां नियमित दी जा रही है। हेल्थ चेकअप नियत अंतराल के बाद किया जाता है। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को गर्भवती महिलाओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, हाइपर टेंशन (बीपी), शुगर की स्क्रीनिंग को शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका को पीएम आवास योजना एवं एसीईओ ललित कुमार से महिलाओं के स्वयं सहायता समूह को जोड़ने को लेकर दिए गए आवंटित लक्ष्यों को पूरा करने की बात कही। वोकल फॉर लोकल के तहत स्थानीय स्तर पर उत्पाद के निर्माण को लेकर आवंटित लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता राजेश गोयल को निर्देश दिए कि संपूर्ण पीपलू ब्लॉक में जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाई जाए। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि ब्लॉक में हैंडपंप, जेजेवाई स्कीम, ट्यूबवेल एवं स्थानीय स्त्रोतों से भी पेयजल की पूर्ति की जा रही है। जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के सीडीईओ सुशीला करनानी से कहा कि विद्यालयों में क्रियाशील शौचालय की साफ-सफाई हो इसकी सुनिश्चिता की जाए। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा से वर्षा जनित बीमारियों को लेकर पशुधन की देखभाल, टीकाकरण एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

# अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करें : कल्पना अग्रवाल

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(का.स.)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार को जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक ली। उन्होंने राजस्व, खनिज, परिवहन, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए एसआईटी मुख्य सड़क मार्गों (गुंसी एवं डिग्गी) पर बनाए गए नाकों पर खनन में प्रयुक्त वाहनों की सख्ती से जांच करें। साथ ही, अवैध खनन गतिविधियों के स्त्रोत, स्थान एवं भंडारण को चिन्हित करें। उन्होंने सहायक खनिज अभियंता सोहन लाल सुथार को निर्देश दिए कि अवैध खनन गतिविधियों वाले क्षेत्रों में मशीनरी एवं वाहनों को जब्त कर सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएं। उन्होंने एसडीओ टोंक को निर्देश दिए कि अवैध खनन में लिप्त लोगों पर धारा 177 में दर्ज प्रकरणों पर अब तक हुई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्य सड़क मार्गों के अतिरिक्त अन्य सड़क मार्गों से होने वाले अवैध खनन की आवाजाही को रोकने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करें। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को कहा कि बिना नंबर वाली ट्रैक्टर ट्रॉली, ओवरलोड एवं अवैध खनन कर रहे वाहनों को जब्त कर भारी पेनल्टी वसूले। जिला कलेक्टर ने वन विभाग के उपवन संरक्षक मरिय शाइन ए को वन क्षेत्रों में चैकसी बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि पुलिस विभाग, प्रशासन, वन, परिवहन एवं खनिज विभाग के साथ आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी उपखंडों में पुलिस लगातार अवैध खनन पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन में शामिल लोगो, वाहनों के ड्राइवर एवं मालिक को चिन्हित किया जा रहा है।

# अधिक से अधिक पौधे लगाए चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा( नि.स. )।** जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शुक्रवार को टोडारायसिंह पंचायत समिति सभाकार में हरियालो राजस्थान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने को लेकर बैठक ली बैठक में उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष भरतलाल सैनी नगर, संत कुमार जैन पूर्व चेयरमैन न.पा., प्रधान प्रतिनिधि रामचन्द्र गुर्जर, तहसीलदार, बीडीओ सभी ग्राम पंचायत के पटवारी व ग्राम विकास अधिकारी व कनिष्ठ सहायक मौजूद रहे।

# जलदाय मंत्री ने पूजा कर की सुख समृद्धि की कामना



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा( नि.स. )।** पवित्र सावन मास के प्रारंभ होते ही जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने अपनी धर्मपत्नी राधा चौधरी के साथ अपने आराध्य देव किलेश्वर महादेव की श्रावण की पूजा-अर्चना विधिवत प्रारंभ कर सभी की खुशहाली की कामना की।

# पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण करना हमारा कर्तव्य : विजय

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर जयपुर प्रान्त पर्यावरण सह प्रमुख रामप्रकाश विजय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जन्म दिवस पर एक पौधा जरूर लगाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा ने बताया कि जयपुर प्रांत के पर्यावरण सह प्रमुख रामप्रकाश विजय, खण्ड कार्यवाह जगदीश वर्मा, सहायक प्रधानाचार्य पं.मोहनलाल शर्मा, शिशु वाटिका प्रभारी शिवराज पाराशर, प्राथमिक विभाग प्रभारी गिर्राज गूर्जर, वरिष्ठ आचार्य राजेश जैन, अवधेश राजवंशी, तुलसीराम चौधरी व रामजीलाल गुर्जर ने रजनी गढ़वाल पत्नी अवधेश के साथ जन्मदिवस पर फूलदार चांदनी का पौधा लगाया गया।

# संपन्न हुआ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान

**निवाई (का.स.)।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में अष्टान्हिका पर्व को लेकर सेठ छिगनलाल कपूरचंद काला बपूई वालों के चैत्यालय में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन विश्व शांति महायज्ञ एवं हवन पूर्णाहुति के साथ सामूहिक कलशाअभिषेक करके किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जैन समाज के प्रवक्ता राकेश संघी व विमल जौंला ने बताया कि श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में सर्वप्रथम सोधर्म इंद्र पूर्व चीफ जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन काला, सच्ची इंद्राणी मधु जैन, नितिन काला, यज्ञ नायक शिखरचंद काला, धनपति कुबेर सुरेशकुमार काला व इशान इंद्र अजीत काला द्वारा भगवान चंद्र प्रभु का शांतिधारा के साथ कलशाअभिषेक किया गया। तत्पश्चात नित्य नियम पूजा शुरू हुई जिसमें नव देवता पूजा के साथ नंदीश्वर दीप की पूजा हुई। मूलायक चंद्रप्रभु पूजा करके हवन कुंड में आहुतियां दी गई। संघी ने बताया कि विश्व शांति महायज्ञ में प्रथम हवन कुंड पर शोधर्म इंद्र अपने परिवार के साथ हवन कुंडों में देशी घी, चन्दन लकड़ी, धूप व खोपरा से आहुतियां दी।

# मोबाइल टावर पर चढ़ा नशे में धुत युवक, तीन घंटे की समझाइश के बाद उतारा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथम्भौर रोड स्थित विज्ञान नगर में गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे नशे में धुत एक युवक कॉलोनी में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने युवक को टावर से नीचे उतारने के लिए समझाइश दौर शुरू हो गया। करीब तीन घंटे की समझाइश का दौर चला और इसके बाद युवक टावर से नीचे उतरा। कोतवाली थानाधिकारी हरलाल सिंह ने बताया कि युवक गजराज उर्फ गज्जू उर्फ गजेन्द्र पुत्र रामलाल मीणा निवासी विज्ञान नगर है। कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशीटर है। युवक पर कई आपराधिक मामले दर्ज है। यह नशे का आदी है। पूर्व में भी एक बार यह युवक टावर पर चढ़ चुका है। पुलिस की ओर से अब युवक का मेडिकल कराया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में दो गिरफ्तार

**निवाई (का.स.)।** बरोनी थाना पुलिस ने बरोनी पुलिया के पास से अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में दो जनों को गिरफ्तार किया है। जिनसे 13-13 किलों कुल 26 किलो डोडा पोस्त जब्त की हैं। बरोनी थानाधिकारी बृजेन्दसिंह राठौड ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ रखने व बेचने की रोकथाम अभियान को लेकर अवैध डोडा पोस्त रखने के आरोपी रोहित पुत्र सुरेंद्रसिंह नाई निवासी हरिसिंह चौक नूरवाला थाना पानीपत शहर हरियाणा व गुलशन सैनी पुत्र कृष्णलाल सैनी निवासी नूर वाला हरिसिंह कॉलोनी पानीपत थाना तहसील कैंप पानीपत हरियाणा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चितौडगढ़ से अवैध डोडा पोस्त खरीदना बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## अधिकारियों को मौके पर ही दिए शीघ्र, प्रभावी एवं स्थायी समाधान के निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आमजन की समस्याओं का उनके घर के नजदीक ही त्वरित पारदर्शी एवं संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में गुरूवार को ग्राम पंचायत कुश्तला में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरुवार को त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं रात्रि चौपाल आयोजित की जाती है, जिससे ग्रामीणजन अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को मौके पर ही अधिकारियों के समक्ष रख सकें। उन्होंने कहा कि आमजन जनसुनवाई एवं रात्रि चौपाल में उपस्थित रहकर उनके लंबित कार्यो का यथासंभव मौके पर ही समाधान करवाकर लाभ उठा सकते है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर आमजन को लाभ प्रदान करने के निर्देश भी दिए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, नामांतरण, सरकारी हैण्डपंप को निजी उपयोग लेने, पेयजल आपूर्ति, कीचड़युक्त रास्तों की मरम्मत तथा बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याएं उठाईं। इस पर जिला कलक्टर ने प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र, प्रभावी एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, एसडीएम सवाई माधोपुर अनूप सिंह, तहसीलदार नीरू सिंह, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीना, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग बीएस मीना सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी हिंदुत्व की पार्टी होने का दम्भ भरती है और दूसरी ओर मंदिर तुड़वाती है : टीकाराम जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिंदू और हिंदुत्व की बात करने वाली भाजपा की सरकार अब मंदिर तोड़ने की कवायद कर रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल मंदिर तोड़ने का मामला नहीं बल्कि लोगों की आस्था पर सीधा हमला है। जूली ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह कोई नया निर्माण नहीं है बल्कि ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर को ठीक करने का काम किया जा रहा था। जूली अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की उमरैण पंचायत समिति के देव डूंगरी पर निर्माणाधीन मंदिर परिसर को प्रशासन द्वारा तोड़े जाने के अगले दिन ग्रामीणों से मिलने यहां पहुंचे।उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का दोहरा चेहरा अब जनता के सामने आने लगा है। उन्होंने कहा कि भगवान



श्री राम के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करने वाले भाजपा नेताओं के इशारों पर भगवान देवनारायण और राम भक्त श्री हनुमान मंदिर पर प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही अमानवीय है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की कार्यप्रणाली न्याय संगत नहीं है दोषी अधिकारी कर्मचारियों को तुरंत सस्पेंड किया जाए और सरकार अपने खर्चे पर मंदिर में दोबारा निर्माण कराए। उन्होंने कहा कि आमजन की आस्था से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भाजपा का काम सिर्फ विवाद फैलाना, विकास कोसों दूर

जूली ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार केवल मंदिर-मस्जिद के मुद्दे उठाकर विवाद फैलाती है लेकिन वास्तविक विकास कार्य नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि खाटू श्याम मंदिर और गोविंददेवजी मंदिर के लिए आवंटित धनराशि का उपयोग भी नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मंदिरों को तोड़कर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है।

### जूली ने महाराजा भर्तृहरि और पांडुपोल मंदिर में किए देव दर्शन

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अरावली पर्वतमाला की श्रृंखलाओं के बीच स्थित महाराजा भर्तृहरि और पांडुपोल में श्री हनुमान महाराज के दर्शन कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रकृति प्रेमियों और आध्यात्मिक साधकों के लिए यह मंदिर स्वर्ग से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि सरिस्का बाघ अभ्यारण के मध्य स्थित मंदिर का मनोरम दृश्य और प्राकृतिक सौंदर्य अपनी अलग ही छंटा बिखेरता है। जूली बोले हनुमान मंदिर का इतिहास महाभारत की गहराइयों से जुड़ा हुआ है, यह मंदिर भगवान हनुमान को समर्पित है, भगवान श्री राम के प्रति अपनी अटूट भक्ति के लिए जाने वाले इस मंदिर के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रवेश निशुल्क की घोषणा की थी।

# कलक्टर ने ली जिला पर्यटन समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में पर्यटन की व्यापक संभावनाएं हैं, जिसके विकास को तीव्र गति देने के लिए संबंधित विभाग समन्वित प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित कर टहला-थानागाजी क्षेत्र में टूरिज्म सर्किट विकसित करने के लिए मंगलसर बांध को बर्ड व्यू साइट, नीलकंठ महादेव मंदिर एवं भानगढ़ किला में डेवलपमेंट के कार्यों के लिए प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि इस क्षेत्र में होम स्टे की सुविधाएं व लोकल प्रोडक्ट की बिक्री इत्यादि को भी प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने शहर में होप सर्कस से सागर तक हेरिटेज वॉक एवं नाइट टूरिज्म विकसित करने के लिए तैयार की जा रही डीपीआर पर विस्तृत चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर पथ को विकसित करने के लिए नाली, फुटपाथ, बिजली लाइन व्यवस्थितिकरण, ग्रीनिंग, रोड लाइट, इंटरलॉकिंग, फोबल स्टोनिंग इत्यादि कार्यों को सम्मिलित करें। उन्होंने यूआईटी के अधिकारियों को निर्देश दिए की भर्तृहरि पैनोरमा एवं हसन खान मेवाती पैनोरमा में सौंदर्यकरण के लिए पार्क विकसित किया जाए, वहीं नगर निगम फतेहगंज गुंबद के पार्क का सौंदर्यकरण कार्य करावें। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि पर्यटन स्थलों पर जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण के कार्यों जिनमें भर्तृहरि धाम विकास कार्य, सरिस्का टाइगर रिजर्व में पर्यटन के आधारभूत कार्य, मांचाडी में किला, रानी का कुआं, बराई माता मंदिर जीर्णोद्धार कार्य, जयसमंद झील एवं गेस्ट हाउस सौंदर्यकरण कार्य इत्यादि को यथाशीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। साथ ही पर्यटन स्थलों के लिए अप्रोच सड़कों के कार्य भी यथाशीघ्र पूर्ण किये जाए। उन्होंने टूरिज्म विभाग की उपनिदेशक को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्र एवं पर्यटन स्थलों के आसपास आकर्षक साईनेज के लिए जगह चिन्हित कर साईनेज लगवाएं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय श्री योगेश डागुर, नगर निगम आयुक्त श्री जितेंद्र सिंह नरूका, यूआईटी के उप सचिव श्री सोहन सिंह नरुका, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री ऐश्वर्यम प्रजापति, पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक श्रीमती टीना यादव, पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियन्ता श्री भूरी सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपाईयों ने मनाया पत्रकार सुगनचन्द मौर्य का जन्मदिन!



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार सुगनचन्द मौर्य का भाजपाईयों ने जन्मदिन मनाकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर मौर्य का माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया वहीं लड्डू खिलाकर उनका मुँह मीठा भी कराया गया। इस मौके पर बोलते हुए संघ के विष्णु सोनी ने कहा कि निष्पक्षता की यदि बानसूर में झलक दिखती है तो वह है पत्रकार सुगनचन्द मौर्य के रूप में!मौर्य निष्पक्षता की एक मिशाल हैं!बानसूर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे और पत्रकारों की आवश्यकता है जो निष्पक्ष खबर लिखें!हम सब संघी और भाजपाई उनके स्वस्थ रहने सहित दीर्घायु की कामना करते हैं। इस मौके पर वरिष्ठ एडवोकेट पी.डी. चौधरी, आईटी सैल के विजय कुमावत, दिनेश यादव,विष्णु सोनी, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष देवेन्द्र प्रजापत,मिस्त्री सतीश यादव सहित कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# लूट के प्रयास के 4 आरोपियों से दो बाइक व देसी कट्टा बरामद

**पुलिस ने आरोपियों की कराई बाजार में परेड**

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने लूट के प्रयास में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल व एक देसी कट्टा बरामद किया हैं। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि 26 जून को परिवादी ने थाने में मामला दर्ज कराया कि उसने ट्रैक्टर में गोदाम से लोहे के सरिये लोड किए थे। इन्हें ढिगारिया भीम बांदीकुई दौसा अनलोड कर भुगतान के 2 लाख 25 हजार रुपए लेकर आ रहा था। रास्ते में माचाड़ी के समीप पीछे से दो बाइकों पर सवार लोगों ने रोका व लूटने के इरादे से ट्रैक्टर की चाबी ऑफ कर नीचे खींचकर मारपीट करने लगे और ट्रैक्टर के नीचे कुचलने की धमकी दी। आरोपी 2 लाख 25 हजार रुपए देने की बात कहने लगे। वह ट्रैक्टर को तेज गति से मौके से भगा ले गया। आरोपियों ने पीछा भी किया लेकिन माचाड़ी स्टैण्ड पर भीड़ को देखकर वे



फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर एएसपी ग्रामीण डॉ. प्रियंका एवं डीएसपी मनीषा मीना के निर्देशन में थाना प्रभारी राजेश कुमार मीना की टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि अजीत कुमार बैरवा पुत्र बाबूलाल निवासी अड़ोली बहतुकलां अलवर एवं गोठडा बहतुकलां निवासी रविन्द्र कुमार पुत्र रामस्वरूप बैरवा, रूजदार पुत्र सपत खान व काला खान पुत्र इन्दु खान को गिरफ्तार किया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त दो बाइक व एक देसी कट्टा बरामद किया हैं। शुक्रवार को लूट के प्रयास के 4 आरोपियों को राजगढ़ थानाधिकारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य मार्गों में परेड करवाई गई।

# रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

**अलवर (का.स.)।** अलवर में एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और समाजसेवियों ने भाग लिया। यह शिविर हैवेल्स इंडीया लिमिटेड एवं रोटरी क्लब अलवर शौर्या



एवं सरकारी अस्पताल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर में कुल 105 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और नियमित रक्तदान को एक जन-आंदोलन बनाना था, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश गया। हैवेल्स इंडिया लिमिटेड से अजय शर्मा (सीनियर वीज़्पी) सीयाराम गुप्ता (वीज़्पी) ललित धींगरा (एज़्वीज़्पी) संजय सेहगल (जीज़्एम) मनोज कुमार ( एज़्जीज़्एम) रोटरी क्लब अलवर शौर्या से नीतू गोगीया (अध्यक्ष) पूजा कलानी (सचिव) मनीषा यादव (कोषाध्यक्ष) अल्का सिंह (एज़्जी) एवं 22 अन्य क्लब सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम संयोजक राखी शर्मा और ऋतु श्यामसुखा थे।हैवेल्स के सभी कर्मचारियों ने शिविर में उत्साह के साथ भाग लिया। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र और अल्पाहार भेंट कर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब अलवर शौर्य हैवेल्स इंडिया के साथ लगातार 8 सालों से रक्तदान शिविर लगा रहा है।पहला शिविर 2018 में लगाया था। रक्तदान-महादान के संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर एवं तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ के निर्देशानुसार पंचायत समिति गोविंदगढ़ के ग्राम पंचायत चिड़वाई के अटल सेवा केंद्र पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एडीजे गोपाल सैनी के निर्देशन पर पीएलवी अनिल कुमार विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थ्य एवं मानव अधिकारों के महत्व पर बल देते हुए संवेदनशीलता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। नालसा योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क विधिक सहायता और सलाह की उपलब्धता का प्रचार-प्रसार किया जिसमें नालसा हेल्पलाइन 15100 जानकारी दी। इस दौरान ग्राम पंचायत कार्मिक दिव्या शर्मा, सोराफ, बाबूलाल, संजय कुमार जाटव, नबाब, मंजू, सचिन, सुनील, अनिल कुमार ग्रामीण उपस्थित रहें।

# फुट ओवर ब्रिज के नीचे लगाया कोटा स्टोन धंसा, सेक्शन इंजीनियर ने निरीक्षण कर शुरू कराया मरम्मत कार्य

### 13 करोड़ 9 लाख की लागत से हुआ था रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हाल ही में 13 करोड़ 9 लाख रुपए की लागत से हुए पुनर्विकसित राजगढ़ रेलवे स्टेशन की गुणवत्ता पर अब सवाल उठने लगे हैं। फुट ओवर ब्रिज के नीचे कोटा स्टोन धंस जाने से सुरक्षा को लेकर यात्रियों में डर का माहौल बन गया है। गौरतलब है कि 22 मई 2025 को केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव की मौजूदगी में प्रधानमंत्री ने इस स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण किया था। इससे पहले रेलवे के गति शक्ति परियोजना के तहत इंजीनियरों द्वारा कई बार निरीक्षण भी किया गया था। इसके बावजूद प्लेटफॉर्म और ब्रिज के आस-पास की खामियां कार्य की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही हैं। वही शुक्रवार को रेलवे के सेक्शन इंजीनियर ने निरीक्षण किया



और जहां से स्टोन धंसा है वहां मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया। हालांकि अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास हुआ जिसमें खामियां नजर आने लगी है। सर्व समाज हेल्प टीम के संयोजक प्रकाश भाबला ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर दो पर बने टिन शेड में बारीश के कारण पानी टपक रहा है जिसके कारण बैंच गीली हो जाती है। जिससे बैठने में यात्रियों को परेशानी हो रही है। बारिश के मौसम में यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं रेलवे स्टेशन की गुणवत्ता को लेकर पूर्व विधायक जौहरीलाल मीना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।

# विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यकम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आज सामान्य चिकित्सालय अलवर के आईएमए हॉल में जनसंख्या स्थायित्व व जनसंख्या वृद्धि दर में कमी लाने व परिवार कल्याण की गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुलभ करवाने के उद्देश्य से विश्व जनसंख्या दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। सीएमएओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि देश में बढती हुई आबादी से संसाधन कम होते जा रहे हैं। इस ओर हम सबको मिलकर जनसंख्या नियंत्रण करने के प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर चिकित्सा विभाग द्वारा जुलाई तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 11 जुलाई से 24 जुलाई तक सेवा प्रदाता पखवाडे की भी शुरूआत की गई है। इस दौरान जिले में प्रचार प्रसार गतिविधियों के साथ आमजन को सेवा प्रदान की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी तथा योग्य दंपतियों से संपर्क कर सीमित परिवार के लाभ, पहले व दूसरे बच्चे में अंतराल, अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन, परिवार नियोजन सेवाएं और पुरूषों की परिवार नियोजन में सहभागिता के संबंध में जागरूक किया जाएगा। इस दौरान जनसंख्या की रोकथाम के लिए तथा आमजन को इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सूद, लेखा अधिकारी अंजू राजोरा, बीसीएमएचओ मालाखेड़ा डॉ. लोकेश मीना, रैणी बीसीएमओ डॉ. आरएस मीना, राजगढ़ बीसीएमओ डॉ. विशाल, महिला चिकित्सालय अलवर से डॉ. टेकचंद, नर्सिंग कॉलेज तिजारा के प्राचार्य श्री राजपाल यादव सहित बडी संख्या में कार्मिक उपस्थित रहे।

# अघोषित विद्युत कटौती से परेशान कस्बेवासी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे मे विद्युत विभाग द्वारा दिनभर की जा रही अघोषित विद्युत कटौती से कस्बेवासियो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बेवासियो ने कहा की सुबह, दोपहर, शाम, रात किसी भी वक़्त बिजली सप्लाई कट रही है, आ रही है और जा रही, बरसात के मौसम मे उमस के कारण काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ है कई बार वोल्टेज की भी समस्या बन रही है जिससे घरेलु उपकरण के फूंकने का खतरा भी बना हुआ। कस्बेवासियो ने विद्युत विभाग से अघोषित कटौती बंद करने की मांग की है।

# भैंसरोड़गढ़ में गुरु पुर्णिमा उत्सव मनाया

**रावतभाटा (नि.स.)।** कार्यक्रम की शुरुआत वंदना सभागार में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार भट्ट, प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार शर्मा द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती, मां भारती, परम ब्रह्म ऊं के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन, तिलक, माल्यार्पण कर किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत भैया बहिनों द्वारा गुरु शिष्य परम्परा के अनुसार गुरुजनों को तिलक, मौली, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा गुरुजनों से भावी जीवन का आशीष लिया। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या भाग्यवंती कान्हावत ने गुरु शिष्य महिमा पर प्रकाश डालते हुए शिवाजी महाराज के शिष्य काल का वर्णन करते हुए कहा कि शिवाजी ने अपने गुरु समर्थ रामदास के प्रति अद्भुत समर्पण भाव रखा तथा गुरु आज्ञा को सर्वस्व माना।

# कृषि विभाग की बड़ी कार्यवाही :अवैध गौदाम बनाकर यूरिया खाद की कर रहे कालाबाजारी ,अवैध गौदाम सीज यूरिया और एनपीके जप्त

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर क्षेत्र में चल रही यूरिया खाद की कालाबाजारी का शुक्रवार को बड़ा खुलासा हुआ है। कार्यवाही के दौरान एक अवैध गोदाम में बड़ी संख्या में खाद के कट्टे छिपाकर रखे जाने की सूचना पर कृषि विभाग ने कार्यवाही की। सूचना पर पहुँचे सहायक कृषि अधिकारी हेमराज सैनी



और मुंशी सैनी ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा!और अवैध गोदाम में यूरिया खाद के तथा एनपीके के जब्त किए गए। कृषि विभाग के डबल एओ हेमराज सैनी ने बताया कि किसानों ने सूचना दी कि नारायणपुर नगर पालिका क्षेत्र में हरियाली एग्रो क्लिनिक खाद की कृत्रिम किल्लत फैलाकर किसानों को अधिक दामों पर खाद बेच रहा है। किसानों की शिकायत पर कृषि विभाग के अधिकारीयों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त गौदाम पर छापा मारा!छापे के दौरान मौके से 55कट्टे यूरिया तथा 13कट्टे एनपीके के जप्त किए गए।उक्त कालाबाजारी के लिए बनाए गए अवैध गौदाम को जहाँ कृषि विभाग ने सील कर दिया है वहीं अवैध गौदाम में रखे गए खाद बीज विक्रेता को नोटिस भी दिया गया है।

# वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने संतों का पूजन कर लिया आशीर्वाद

### जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने आज विभिन्न आश्रमों में पहुंचकर संतों व महात्माओं के दर्शन किए एवं उनका पूजन कर आशीर्वाद लिया तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने गहनकर आश्रम में संत कमलनाथ जी महाराज, लाडपुर आश्रम में संत श्री सोमनाथ जी महाराज, हरसौली आश्रम में संतदास जी महाराज, सिहाली आश्रम में संत श्री कुंदनदास जी



महाराज, नीमराना में संत श्री ज्ञानीनाथ जी महाराज, जोशीहेडा आश्रम में संत श्री खेतानाथ जी महाराज के दर्शन किए एवं उनका पूजन कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य हेतु प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान होता है। उन्होंने कहा कि गुरू का सम्मान करना हमारी सनातन परम्परा का हिस्सा है। आज विभिन्न आश्रमों में संत-महात्माओं का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने गुरूवार को मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन पर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिले में धर्मगुरुओं, महंतों और पुजारियों का सम्मान किया। इससे पहले वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण करे निर्देश दिये। उन्होंने जनसुनवाई में आए विद्युत, सडक, पुलिस आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण होने पर उन्हें सूचित कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को मूलभूत समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करें। इस कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# एमजीजीएस मल्टीपर्पज मे पारदर्शिता पर सवाल-अंदरखाने चलती है एसडीएमसी

## परिसर मे समिति सदस्यों का कहीं उल्लेख नहीं, आखिर अभिभावक किसे सुनाए अपनी पीड़ा

बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। कोटा के राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय मल्टीपर्पज में एक के बाद एक नये खुलासे हो रहे हैं। गुरुवार को प्रकाशित खबर के बाद अभिभावको व पीड़ित परिजनों ने अपनी पीड़ाएं बताते हुए बढ़ता राजस्थान के ब्यूरो कोऑर्डिनेटर को नई-नई जानकारिया दी है। अभिभावकों का कहना है कि लगातार कई सालों से फीस में किसी प्रकार की कमी नहीं की गयी है।

2023 में लिए गये प्रस्ताव में कंप्यूटर लैब की अनिवार्यता बताते हुए प्रस्ताव लिया जाना का उल्लेख है । लेकिन उसके बाद अभी तक भी फीस में किसी प्रकार की कमी या कटौती नहीं की गई है । वहीं खबर प्रकाशित होने के बाद से ही कोटा के जागरूक लोगों ने इस बात को लेकर आंदोलन करने की तैयारी कर ली है ।


### बैठक रजिस्टर में हस्ताक्षर की जगह खाली

समिति के बैठक रजिस्टर में बैठकों की कोई पूरी जानकारी है।

समिति में बनाए गए सदस्यों को केवल नाम लिखकर उनके आगे हस्ताक्षर की जगह भी खाली छुटी हुई है।मई महीने की 11 तारीख को हुई बैठक में अभी तक किसी प्रकार के हस्ताक्षर नहीं करवाए गए हैं,,जबकि एसडीएमसी द्वारा कहा जा रहा है कि हमने तो बैठक कर ली है।

### हमे नहीं पता एसडीएमसी मे कौन,हमारे साथ आर्थिक लूट जारी

छात्रों के अभिभावकों से बात करने पर उन्होंने समिति के सदस्यों के बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं होना बताया, अभिभावकों का कहना है कि हमें कोई काम पड़ता है तो हमें प्रिंसिपल का इंतजार करना पड़ता है हर बात के लिए प्रिंसिपल के पास जाने में हमें भी शर्म आती है,हालांकि समस्याएं तो खूब है वाटर कूलर भी



यहां पर बंद पड़ा हुआ है सुविधाओं के नाम पर हमें तो पता ही नहीं की इतनी राशि वसूली जा रही है। हम तो इसे सरकार द्वारा तय राशि मानते थे । सरकारी फीस और वसूली जाने वाली राशि मे बहुत बड़ा अंतर है यह हमारे साथ में बिना हमारी अनुमति के किए जाने वाली आर्थिक लूट ही है।

### समिति की बैठकों का ब्यौरा देने से इनकार

रजिस्टर की प्रति मांगने पर स्कूल प्रशासन ने रजिस्टर दिखाने से मना कर दिया और कहा कि जितनी जानकारी है वह आपको नहीं दिखा सकते।

### ना समिति सदस्यों की जानकारी न मोबाइल नंबर

पूरे विद्यालय परिसर में कहीं पर भी समिति के बारे में कोई सूचना व जानकारी नहीं दी गई है। यही नहीं नोटिस बोर्ड पर भी समिति के किसी भी सदस्य के बारे में कोई नाम व जानकारी चस्पा नहीं की गई है।

जिससे कि अभिभावकों को आने वाली किसी भी परेशानी के लिए समाधान करने का रास्ता नहीं मिलता अभिभावकों को अपनी समस्याओं को परेशानियों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। अभिभावकों का कहना है कि हम सीधे अध्यापकों से बात नहीं करते क्योंकि हमें डर है हमारे बच्चे यहां पढ़ रहे हैं यदि हम कोई विरोध करते हैं तो उसका असर हमारे बच्चों पर पड़ सकता है ऐसे में यदि यह समिति जो कि बच्चों और छात्रों के अभिभावकों के हितों के लिए बनाई गई है उसके संपर्क हमारे पास में हो तो हम उन्हें अपनी परेशानी बता सकते हैं और वह हमारी समस्या को उचित तरीके से प्रशासन व स्कूल अध्यापकों के सामने भी रख सकते हैं ।

स्कूल परिसर में इस तरह की जानकारी न होने से एक और जहां अभिभावक और प्रशासक अध्यापकों के बीच में गहरी खाई बन गई है वहीं ऐसी परेशानियों को पाटने के लिए बनाई गई समिति पूरी तरह से नदारद है।

समिति के अध्यक्ष राकेश चौधरी ने बताया कि हमारी समिति द्वारा विद्यालय में विकास के लिए ही यह शुल्क लगाया गया है ।जिसकी हमें पूरी जानकारी है चुनाव तो अभी तक नहीं कराए गए हैं अब हम चुनाव करवा लेंगे। वही समिति के सदस्यों के नाम नोटिस बोर्ड पर और एक पूरा विवरण बोर्ड बनाकर स्कूल में लगवाने को भी कहेंगे।

# बसंत विहार में सिद्धों की आराधना, अष्टानिका पर्व पर निकली भव्य शोभायात्रा

### सिद्धचक्र विधान में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, दीप आरती में झलकी भक्ति

बढ़ता राजस्थान



कोटा (दामोदर सिंह)। अष्टानिका महापर्व के उपलक्ष्य में बसंत विहार स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन पूर्णाहुति के साथ हुआ। आयोजन के अंतिम दिन भगवान श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने उल्लास से भाग लिया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियाँ, मंगल ध्वनियों के साथ भक्तों की टोलियाँ, और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज ने वातावरण को धर्ममय कर दिया। बच्चों ने धार्मिक गीतों पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। इस शोभायात्रा में समाज के सभी वर्गों – महिलाएं, पुरुष व बच्चों ने उल्लासपूर्वक भाग लिया और धर्म-आराधना का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। सुमित जैन सेंकी ने बताया कि अष्टानिका पर्व के दौरान प्रतिदिन विशेष पूजन, भक्तामर पाठ और संध्या आरती का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 48 दीपकों से महाआरती कर सिद्धों का गुणगान किया गया।

# जिला निष्पादक समिति की बैठक

### शिक्षा से कोई बच्चा न छूटे -कलक्टर ने प्रवेश उत्सव, पोषण, आधारभूत ढांचे और हरियालो राजस्थान की समीक्षा की

बढ़ता राजस्थान

कोटा (दामोदर सिंह)। जिला निष्पादक समिति की बैठक शुक्रवार को कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में सीडीईओ कार्यालय, श्रीपुरा कोलीपाड़ा में आयोजित की गई। बैठक में जिले की शिक्षा व्यवस्था, विद्यालय स्तर पर आधारभूत ढांचे की स्थिति, प्रवेश उत्सव की प्रगति, बच्चों के स्वास्थ्य, डिजिटल मॉनिटरिंग, हरियालो राजस्थान, शाला दर्पण पोर्टल, निजी विद्यालयों की भूमिका और अभिभावकों की भागीदारी जैसे बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। कलक्टर ने प्रत्येक बिंदु पर संबंधित विभागों और अधिकारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीडीईओ योगेश पारीख ने प्रजेंटेशन के माध्यम से समस्त योजनाओं की जानकारी दी। वही जिला शिक्षा अधिकारी के के शर्मा ने विभिन्न पोर्टल पर जिले की प्रगति एवं कार्ययोजना से अवगत कराया।

# शिक्षा से कोई बच्चा न छूटे -कलक्टर

### प्रवेश उत्सव, पोषण, आधारभूत ढांचे और हरियालो राजस्थान की समीक्षा की

बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। जिला निष्पादक समिति की बैठक शुक्रवार को कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में सीडीईओ कार्यालय, श्रीपुरा कोलीपाड़ा में आयोजित की गई। बैठक में जिले की शिक्षा व्यवस्था, विद्यालय स्तर पर आधारभूत ढांचे की स्थिति, प्रवेश उत्सव की प्रगति, बच्चों के स्वास्थ्य, डिजिटल मॉनिटरिंग, हरियालो राजस्थान, शाला दर्पण पोर्टल, निजी विद्यालयों की भूमिका और अभिभावकों की भागीदारी जैसे बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। कलक्टर ने प्रत्येक बिंदु पर संबंधित विभागों और अधिकारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीडीईओ योगेश पारीख ने प्रजेंटेशन के माध्यम से समस्त योजनाओं की जानकारी दी। वही जिला शिक्षा अधिकारी के के शर्मा ने विभिन्न पोर्टल पर जिले की प्रगति एवं कार्ययोजना से अवगत कराया।

# आहु नदी में युवक के डूबने की आशंका, 36 घंटे बाद भी सुराग़ नहीं, एसडीआरएफ की तलाश जारी



बढ़ता राजस्थान

रामगंजमंडी/कोटा( प्रमोद राठौर )। रामगंज मंडी क्षेत्र के सुकेत आहु नदी में एक युवक के डूबने की आशंका से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ टीम बीते 26 घंटे से युवक की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अब तक कोई सुराग़ नहीं लग सका है। मामला गुरुवार शाम 7 बजे का है, जब राहगीरों ने आहु नदी की पुलिया पर एक लावारिस बाइक खड़ी देखी। संदेह होने पर उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की, तो बाइक की स्थिति और स्थान को देखते हुए युवक के नदी में गिरने की आशंका जताई गई। बाइक पर लगे नंबर के आधार पर युवक की पहचान लक्की (22 वर्ष), पुत्र मदन गुर्जर, निवासी रामगंजमंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने तत्काल लक्की के परिजनों को सूचना दी और साथ ही एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाकर नदी में खोज अभियान शुरू कराया गया। सर्च ऑपरेशन के बावजूद युवक का कोई पता नहीं चल सका है। स्छत्रन्न की टीम नदी में तलाशी अभियान में जुटी है। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण और परिजन भी मौजूद हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है और युवक की तलाश प्राथमिकता से की जा रही है।

# कोटा टीटीई ने ट्रेन में यात्री का छूटी बेशकीमती सोने की अंगूठी लौटाई

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। रेल मदद पर वाणिज्य कंट्रोल कोटा से प्राप्त सूचना के आधार पर ट्रेन में आनड्यूटी टीटीई सुरेश कुशवाहा ने गाड़ी संख्या 22998 श्रीगंगानगर-झालावाड़ सिटी एक्सप्रेस में बीकानेर से जयपुर जा रहे यात्री विपुल दायमा की छूटी बेशकीमती अंगूठी प्राप्त कर यात्री को वापस सुपुर्द किया। यात्री अपना बेसकीमती अंगूठी पाकर अति प्रसन्न हुआ। रेल मदद पर तत्परता से यात्री शिकायतों का निवारण किया जा रहा है साथ ही यात्री का शिकायत निस्तारण पर फीडबैक भी लिया जाता है। यात्री ने टीटीई की इस ईमानदारी पूर्ण कार्य की सराहना करते हुए कर्मचारी एवं रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# 'फीडम थ्रू एजुकेशन' के तहत राउंड टेबल का राखी पॉप-अप 2.0 आयोजन

### कोटा राउंड टेबल-281 के राखी पॉप-अप 2.0 से शासकीय विद्यालय को मिलेगा लाभ, राउंड टेलब का राखी पॉप-अप 2.0 शिक्षा संबल हेतु प्रयास

बढ़ता राजस्थान




कोटा (दामोदर सिंह)। कोटा राउंड टेबल-281 द्वारा आयोजित राखी पॉप-अप 2.0 कार्यक्रम का समापन अत्यंत उत्साहपूर्वक हुआ। डीसीएस रोड स्थित निजी होटल में आयोजित इस दो दिवसीय लाइफस्टाइल एग्जिबिशन में शहरवासियों की भारी भागीदारी देखने को मिली। चेयरमैन सिद्धार्थ पोद्दार ने बताया कि इस एग्जिबिशन से प्राप्त धनराशि को सरकारी विद्यालय में 04 कक्षाकक्ष बनाने के लिए लगाया जाएगा।

सचिव श्रेष्ठ अग्रवाल ने बताया कि इस रंगारंग प्रदर्शनी में देशभर से आई 40 से अधिक प्रतिष्ठित ब्रांड्स ने अपने स्टॉल्स लगाए। राखी, कपड़े, स्टेशनरी और बेडशीट की विभिन्न वेराइटी के स्टॉल्स ने आगंतुकों को आकर्षित किया। कुल 1,800 से अधिक आगंतुकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को अपार सफलता दिलाई।

इस आयोजन से कोटा के स्थानीय एवं बाहरी उद्यमियों को अपने व्यापार को बढ़ावा देने का अवसर मिला। राउंड टेबल-281 की सचिव श्रेष्ठ अग्रवाल ने बताया कि इस माध्यम से जो निधि एकत्रित की गई है, उसका उपयोग शासकीय विद्यालय में चार नवीन कक्षाओं के निर्माण में किया जाएगा। यह प्रयास संस्था की फ्रीडम थ्रू एजुकेशन पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य वंचित वर्ग के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना है। उपाध्यक्ष सारांश मित्तल व कोषाध्यक्ष नाभ शर्मा ने बताया कि टेबल 281 वर्ष 2015 से अब तक 42 कक्षाकक्ष कोटा के राजकीय विद्यालयों में बना चुकी है। इस निरंतर प्रयास से शहर की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। इस अवसर पर टेलब के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# निशुल्क जांच परामर्श शिविर में 200 रोगियों का इलाज किया

बढ़ता राजस्थान

कोटा (दामोदर सिंह)। रेडक्रॉस भवन, सामान्य अस्पताल परिसर बूंदी में ईथॉस हॉस्पिटल कोटा की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर में 200 से अधिक लोगों ने विभिन्न रोगों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों से




परामर्श लिया।शिविर में हृदय रोग, मधुमेह, हाई ब्लड प्रेशर, मस्तिष्क, नसों के रोग, दमा, चेस्ट संबंधित विकार, स्त्री व प्रसूति रोग, शिशु रोग, स्पाइन, ऑर्थोपेडिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी जैसी बीमारियों की जांच व सलाह दी गई। शिविर सुबह 10 बजे शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चला। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ईश्वरचंद्र मालव, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राजेश गोयल, डॉ. मनीष मीणा, डॉ. बृजमोहन, डॉ. आशीष पेमावत, डॉ. गौरव मेहता, डॉ. मिली भारद्वाज, डॉ. रोहित दाधीच, डॉ. अरुण मेवाड़ा ने मरीजों की जांच की। ईथॉस हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि आगे भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# संतों का सम्मान सरकार की अनूठी पहल- संत प्रभाकर साहेब

बढ़ता राजस्थान



कोटा (विनोद गौड़)। गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर कबीर पंथ के प्रमुख संत प्रभाकर साहेब का सरकार की और से राजकीय सम्मान किया गया। विनोबा भावे नगर स्थित संस्थान के सभागार में आयोजित सत्संग समारोह में कोटा उत्तर नगर निगम के अतिरिक्त कमीशनर जवाहर लाल जैन व एडिशनल एस पी तरुण कान्त सोमानी ने मुख्यमंत्री की ओर से भेजे पुष्पाहार, मिठाई, फल, वस्त्र, दक्षिणा प्रदान कर राज्य की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। तथा मुख्यमंत्री का वंदन संदेश पत्र भी भेंट किया। इस अवसर पर गुरु पदासीन संत प्रभाकर साहेब ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी द्वारा शुरू की गई संत महंतो के सम्मान की पहल अनूठी है। इससे संत समाज व अनुयाईयों में सकारात्मक संदेश पहुंचा है। संत का जीवन परमार्थ के लिए होता है, समाज के निर्माण में गुरुओं की भूमिका को महत्व देना समाज व देश हित में है।

कार्यक्रम में संत गुरुबोध , संत सुबोध दास संतोष दास, साध्वी विभूति, दया दास ने भी गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला।

इससे पहले कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा कांग्रेस नेता शिवकांत नंदवाना व गण मान्य लोगों ने संतो से आशीर्वाद ग्रहण किया।

अंत में हेमराज मीणा, कन्हैया लाल योगाचार्य, ओ पी शर्मा, माणक चन्द, हरिप्रसाद, डा. राकेश अग्रवाल , टी सी गुप्ता, लड्डू लाल, अनिल कुमार,देवी लाल, समेत श्रद्धालुओं ने संतों की पूजा आरती की तथा भण्डारे का आयोजन किया गया।

# सावन के पहले दिन पूजा अर्चना कर विधि विधान से पर्यावरण प्रेमियों ने लगाए 151 पौधे

### सुरक्षा के लिए लगाए इको फ्रेंडली ट्री गार्ड

बढ़ता राजस्थान

कोटा (दामोदर सिंह)। सावन के पहले दिन एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी वीरेंद्र चौधरी की प्रेरणा से आवली रोझड़ी रोड स्थित वन नगर में स्वर्गीय विमला कपूर ग्रीन फाउडेशन संस्था द्वरा सघन पौधरोपण किया गया । इस अवसर पर तीन त्रवेणी पीपल ,बड़, नीम की विधि विधान से पूजा अर्चना कर लगाई गई । इसके उपरांत सभी पर्यारण प्रेमियो ने मिलकर 151 पौधे लगाये ।जिसमे नीम ,बड़ ,पीपल ,नीबू ,बास ओर बेलपत्र के पौधे है । इन सभी पोधो को पेड़ बनाया जा सके ।इसके लिये साथ के साथ पर्यवरण प्रेमी वीरेंद्र चौधरी द्वरा लेबर से ट्री गॉर्ड भी लगाने शुरू कर दिये। ये टी गॉर्ड भी इकोफ्रेंडली लगाये गए है । संस्था द्वरा पूरे सावन माह में 1500 पौधे लगाने का लक्ष्य है और इन सभी पोधो को व्रक्ष बनाने का प्रयास करेगी । इस अवसर पर क्रीड़ा भारती संस्था के शिव प्रकाश शर्मा जो की पर्यावरण प्रेमी हैं का विशेष सहयोग रहा व गणमान्य पर्यावरण पेर्मी रघुवीर कपूर शम्मी रघु शर्मा,परमानंद, ,लहरी जैन,प्रेम बाठला,अवधेश कुमार शौकत अली,रघुवीर शर्मा ,भूपेंद्र कपूर ,मंगल कुमार ,रोहित कुमार ,शंकर लाल उपस्थित रहे ।

# कोटा दक्षिण के कांग्रेसी पार्षदों ने आयुक्त चेंबर में ही किया घेराव

## हर वार्ड में एक करोड़ के कार्य स्वीकृत करें नहीं तो आंदोलन होगा तेज- पवन मीना

बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। नगर निगम कोटा आयुक्त द्वारा विकास कार्य में भेदभाव के आप को लेकर कांग्रेसी पार्षदों का प्रदर्शन 5 दिन की जारी रहा । आंदोलन के पाँचवें दिन, जैसे ही, उप महापौर पवन मीणा को जानकारी मिली कि नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त अनुराग भार्गव चेंबर मे हैं मीणा के नेतृत्व में सभी कांग्रेस समर्थित पार्षद एकजुट होकर नगर निगम कार्यालय पहुँच गये। पुलिस की भारी तैनाती को देखते ही देख पार्षदों का गुस्सा भडक गया।कार्यालय में दाखिल हुए और अपनी नाराजगी स्पष्ट रूप से व्यक्त की। नारेबाजी और हमारी मांगे पूरी करो के नारों के साथ में कांग्रेसी पार्षद चेंबर में ही धरने बैठ गये।

15 दिनों से कोई कार्य फाइल नहीं बढ़ी,स्वास्थ्य समिति के सदस्य भी अनुपस्थित मिले



पार्षद कुलदीप प्रजापति कार्यों की धीमी प्रगति को लेकर प्रश्न किया जब वर्क ऑर्डर फाइलों की चर्चा हुई तो आयुक्त ने उपायुक्त महेश गोयल से रिपोर्ट मंगाई। फ़ाइलें जैसे ही खोली गईं, यह स्पष्ट हुआ कि पिछले 15 दिनों से कोई प्रक्रिया नहीं हुई थी। मौके पर ही स्वास्थ्य अधिकारी रीचा गौतम और रेवेन्यू अधिकारी विजय अग्निहोत्री को बुलाया गया, लेकिन पाया गया कि अधिकांश समिति सदस्य अनुपस्थित हैं।

महत्वपूर्ण आरोप यह भी सामने आया कि एक्सईएन कय्यूम कुरैशी ने 20 दिन पहले उपमहापौर कार्यालय में सभी 34 वॉर्ड की फ़ाइलों पर हस्ताक्षर हो जाने का दावा किया था, जो आज गलत साबित हुआ।

उपमहापौर पवन मीणा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को झूठ बोलकर गुमराह करना कोटा की जनता के साथ धोखा है। सरकारी कर्मचारी जनता की तनख्वाह से वेतन पाते हैं, लेकिन जब वे अपने काम और जवाबदेही से मुंह मोड़ते हैं तो यह आचरण भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। संबंधित अधिकारियों पर सख़्त कार्रवाई होनी चाहिए।

पार्षद शालिनी गौतम ने आंदोलन मे भिक्षा यज्ञ के रूप में जमा किया गया पैसा 1865 की राशि आयुक्त को सौंपी ।

विरोध प्रदर्शन मे पार्षद इसरार मोहम्मद, देवेश तिवारी, कपिल शर्मा, अनुराग गौतम, सोनू अब्बासी, मोनिका विजय, सायना घोषी, प्रफुल पाठक, सोनू भील, कुलदीप प्रजापति, दीपक वर्मा, कुलदीप गौतम, धनराज चेची, मोहन नंदवाना, शालिनी गौतम, मनोज गुप्ता, योगेन्द्र शर्मा, सलीना शेरी,बबलू कसाना, लेखराज योगी शामिल रहे।

# पीएनबी का मेगा एग्रीकल्चर आउटरीच कार्यक्रम सम्पन्न



## पीएनबी नारी शक्ति को सशक्त बनाने में हर संभव सहयोग करता रहेगा-अजय कुमार सिंह

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** पंजाब नैशनल बैंक, शाखा उच्चैन की पंचायत समिति में शुक्रवार 11 जुलाई 2025 को मेगा एग्रीकल्चर आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के आमजनों व स्व-सहायता समूहों को बैंक की कृषि व स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ना था। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह- महाप्रबंधक प्रधान कार्यालय, भानु शर्मा- उपखण्ड अधिकारी (एसडीएम) उच्चैन, हरिमोहन मीना- उप मंडल प्रमुख, धर्मेन्द्र मीना- उप मंडल प्रमुख, प्रशांत कुमार अग्रणी जिला प्रबंधक, शिवम- जिला विकास प्रबन्धक, नाबार्ड, विमल शर्मा- खंड विकास अधिकारी, अन्य बैंक अधिकारी, कृषि अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन, ग्राहकगण व स्व-सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई, उपस्थित जनों को किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम-कुसुम, स्वयं सहायता समूह, किसान समृद्धि योजना, पशुपालन, मत्स्य पालन, सामाजिक सुरक्षा योजना और अन्य कई योजनाओं की जानकारी दी गई। एसडीएम भानु शर्मा ने अपने संबोधन में ग्रामीण महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि बैंक और प्रशासन मिलकर क्षेत्रीय विकास को गति देंगे। राजीविका समूह की महिलाओं की प्रभावशाली सहभागिता रही। साथ ही. कार्यक्रम के दौरान निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजीविका से जुड़ी महिला सदस्यों ने मंच पर अपने अनुभव साझा किए। महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने सरकारी योजनाओं, बैंक योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए अधिकाधिक लाभ उठाने की बात कही। साथ ही उन्होंने महिला समूहों के आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों की सराहना की और कहा, पीएनबी नारी शक्ति को सशक्त बनाने में हर संभव सहयोग करता रहेगा। एसडीएम भानु शर्मा ने इस अवसर पर बैंक की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि पीएनबी का यह प्रयास सराहनीय है और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता का संचार होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन और बैंकिंग संस्थान मिलकर ग्रामीण आत्मनिर्भरता की दिशा में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान कुछ किसानों को ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए और डिजिटल लेन-देन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# योग्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के लिए करें प्रेरित : जिला कलक्टर

## परिवार कल्याण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 43 कार्मिकों, पंचायत समिति, ग्राम पंचायतों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला स्तरीय सम्मान समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लॉक, पंचायत समिति, ग्राम पंचायत, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा व्यक्तिगत श्रेणी चिकित्सकों, एएनएम और आशा सहयोगिनी भी प्रोत्साहन पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान अपने अपने उद्बोधन में जिला कलक्टर ने कहा कि विश्व में जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है बढ़ती जनसंख्या की वजह से संसाधनों की कमी होती जा रही है। जनसंख्या नियंत्रण हेतु योग्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के साधन अपनाने हेतु प्रेरित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्मसिंह मीणा ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस पर इस वर्ष की थीम मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही रखी गई है। इस थीम के माध्यम से महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने पर विशेष जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में जनसंख्या संतुलन, मातृत्व स्वास्थ्य और परिवार नियोजन जैसे मुद्दों पर सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) डॉ. गौरव मीणा ने परिवार कल्याण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि 11 से 24 जुलाई तक आयोजित जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के दौरान जिले के चयनित चिकित्सा संस्थानों पर लाभार्थियों को स्थाई एवं अस्थाई साधनों यथा-नसबंदी, आईयूसीडी पीपीआईयूसीडी कंडोम, गोलियां अंतरा आदि की सेवाएं प्रदान की जावेगी। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा , जिला कार्यक्रम अधिकारी शशांक वशिष्ठ ने भी विचार रखें।

### परिवार कल्याण क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर किया सम्मानित

डॉ. गौरव मीणा ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन के कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पंचायत समिति बसेड़ी, 6 ग्राम पंचायतो तथा व्यक्तिगत श्रेणी में 36 चिकित्सकों, एएनएम और आशा सहयोगिनी को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



### चिकित्सा संस्थानों को सुपुर्द किए वात्सल्य डिजिटल किट

कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने गर्भवती महिलाओं को आवश्यक जांच सुविधा समुदाय स्तर पर ही उपलब्ध करवाने हेतु डिजिटल और गैर डिजिटल उपकरणों से युक्त वात्सल्य डिजिटल सुपुर्द किए। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने बताया कि जपाईगो संस्थान के सहयोग से यह किट जिले के 8 उपस्वास्थ्य केंद्र और 7 उच्च चिकित्सा संस्थानों को उपलब्ध करवाए जा रहे है। इन डिजिटल उपकरणों के माध्यम से एएनसी के दौरान की जाने वाली जांच सीधे ही पीटीसीएस पर इंद्राज हो पाएंगे। इन आईओटी डिवाइस को एंड्रॉयड आधारित एप्लीकेशन से कनेक्ट किया जाना है जिसे एएनएम के द्वारा किए जाना है जहां सीधे ही पीटीएस में इंद्राज हो पाएंगे। जिससे एएनएम द्वारा दर्ज किए जाने वाला डाटा ब्लूटूथ के माध्यम से स्वचालित रूप से प्रवाहित होता। इन चिकित्सा संस्थानों का चयन उच्च एएनसी लोड के आधार पर किया गया है। जपाईगो कार्यक्रम अधिकारी सुमित पुरी ने किट के प्रयोग संबंधी जानकारी दी।

# पानी पाउच के पैसों को लेकर डेयरी संचालक पर हमला: पत्थर और छुरी से वार किया, पीड़ित के भाई की दुकान में भी तोड़फोड़

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी, ( राजू शर्मा )।** बाड़ी के धौलपुर रोड चंद्रशेखर आजाद गेट बाईपास पर स्थित सरस डेयरी बूथ पर संचालक और एक ग्राहक के बीच पानी पाउच के पैसों को लेकर विवाद हो गया। मास्टर कॉलोनी निवासी डेयरी संचालक अमित कुमार शुक्ला के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे किला निवासी आकाश यादव ने पानी के पाउच लिए। पैसे मांगने पर आकाश ने गालियां दीं। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पत्थर फेंका और दुकान में रखी छुरी से हमला कर दिया। इस हमले में अमित की गर्दन और हाथ में चोटें आईं। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। लेकिन आरोपी आकाश यादव ने इसके बाद तहसील के सामने स्थित पीड़ित के छोटे भाई नीरज शुक्ला की दुकान पर जाकर तोड़फोड़ की। एलईडी, कंप्यूटर समेत कई सामान को नुकसान पहुंचाया। आरोपी धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नर्सिंग ऑफिसर चंद्रशेखर पाण्डेय उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से संयुक्त निदेशक गौरव कपूर एवं अतिरिक्त मुक्त चिकित्सा अधिकारी भरतपुर डॉक्टर बी एल मीणा द्वारा जिले मैं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कार्मिक एवं संस्था को सम्मानित किया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता सैनानी पाण्डेय् केहरी सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नर्सिंग ऑफिसर चंद्रशेखर पाण्डेय् आशा सहयोगिनी गीता पप्पन एवं गीता सैनी खंड भुसावर की पंचायत गोविन्दपुरा, को प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। भविष्य में और अच्छा कार्य करने हेतु उपस्थित समस्त स्टाफ को प्रेरित किया कार्यक्रम में सी एम एच ओ कार्यालय के लक्ष्मीकांत शर्मा मोहित कुमार प्रवेश शर्मा सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्रीनाथजी मंदिर में आषाढी तुलनें की अनूठी परंपरा,इस वर्ष की आषाढी में अनाज और वर्षा सामान्य बताई गई

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद स्थित पुष्टिमार्ग के प्रधान पीठ नाथद्वारा में प्रतिवर्ष प्राचीन परंपरा का निर्वहन कैट हुई आषाढ़ी तौले जाने की परंपरा है। जिसके तहत वर्ष भर के मौसम और फसल का पूर्वानुमान लगाया जाता है। आज हुए इस आयोजन मे इस वर्ष वर्षा व सभी अनाज के सामान्य रहने का अनुमान लगाया गया है ।27 प्रकार के विभिन्न धान्यादी भौतिक वस्तुओं के तौल से आगामी वर्ष में पैदावार एवं व्यापार हेतु लगाए जाने वाले पूर्वानुमान में आज सुबह श्रीजी के मुख्य पंड्या परेश नागर के सांनिध्य में खर्च भंडार में तौला गया। जिसके आधार पर इस वर्ष धान की पैदावार में सामान्य बतायी गयी है। वर्षा भी सामान्य बताई गयी है। जिसमे आषाढ़ में तीन आना, श्रावण में तीन आना, भाद्रपद( भादवा) में चार आना आसोज में चार आना एवं वायु पूर्व दिशा की होगी। गुड़ आधा रत्ती, मक्का, बाजरा, मोठ व मनुष्य, पशु ओर घास में पाव पाव रत्ती की घटोत्तरी का अनुमान है। बतादें कि परम्परानुसार श्रीनाथजी मंदिर में हर वर्ष छोटे-बड़े विभिन्न पात्रों में भर कर मूंग हरा, मक्का, बाजरा, ज्वार, तिल्ली, गेहूं आदि 27 भौतिक सामग्रियों को श्रीजी के मुख्य पंड्या व खर्च भंडारी आदि की देखरेख में तौल कर खर्च भण्डार के एक कोठे में रख दिया जाता हैं।

# पार्वती नदी में बहे युवक की तलाश जारी : एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर कर रहे सर्च, तीन को पहले ही बचाया गया



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के सैपऊ कस्बे की पार्वती नदी में गुरुवार को नहाने के दौरान चार युवक तेज बहाव में बह गए। एक युवक ने नदी में छलांग लगाकर तीन युवकों को बचा लिया, लेकिन नदीम नाम का एक युवक अभी भी लापता है। घटना के 24 घंटे बाद भी नदीम का कोई सुराग नहीं मिल सका है। एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर मिलकर सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। तहसीलदार नाहर सिंह, सीओ अनूप कुमार यादव और थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह मौके पर मौजूद हैं। तहसीलदार ने बताया कि नदी के तेज बहाव में यह हादसा हुआ। नदीम के लापता होने से उसके परिजनों में मातम छाया हुआ है। परिवार के लोगों की हालत बेहद खराब है। शुक्रवार सुबह से ही नदी के घाट पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा है।

# सिंघावली के गवर्नमेंट स्कूल में निकली प्रवेशोत्सव रैली शिक्षा जन जागरूकता अभियान की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** महात्मा गांधी राजकीय स्कूल, सिंघावली में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। हुनर शक्ति फाउंडेशन के सहयोग से शिक्षा जन जागरूकता अभियान और प्रवेशोत्सव रैली का आयोजन हुआ। स्कूल के प्रधानाचार्य गोविंद प्रसाद गर्ग ने रैली को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। हुनर शक्ति फाउंडेशन के प्रमुख प्रशांत शर्मा ने शिक्षा आपके द्वार अभियान की जानकारी दी। इस अभियान के तहत जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा, स्टेशनरी और आर्थिक सहायता मिलेगी। फाउंडेशन का लक्ष्य 10,000 से अधिक गरीब बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है। साथ ही 5 से 14 वर्ष के ड्रॉपआउट बच्चों को आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेश दिलाया जाएगा। संस्था की सचिव नीरज झा ने एक रोटी कम खाएं, अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं का नारा दिया। संस्था ने महिला सशक्तिकरण के लिए मंजिल शक्ति कार्यक्रम भी शुरू किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से 5 लाख महिलाओं को सिलाई और ब्यूटी सैलून जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाएगा। रैली में धौलपुर जिला अध्यक्ष राधेश्याम तोमर के नेतृत्व में विनीता करसोलिया, उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, महेंद्र मीणा, देवेंद्र कुमार, उषा स्वामी, अनुपम शर्मा, सुनीता, सुल्तान सिंह, मुनेंद्र शर्मा और स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




# खेती की नई तकनीक से किसानों को रूबरू कराएं, जिससे उत्पादन हो सके दोगुना : कुलपति

## कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर की कुलपति ने किया वर्चुअल शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** कृषि महाविद्यालय बसेड़ी में रेडी छात्रों का सात दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम प्रारंभ हुआ है। कार्यक्रम का उद्घाटन करण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर की कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह ने वर्चुअल माध्यम से किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि अब कृषि में नवाचार करने की आवश्यकता है, बिना कृषि का उत्पादन बढाए 140 करोड़ लोगों का पेट भरना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए हमें कृषि में नए अनुसंधान करके उत्पादन को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि 3 साल तक छात्रों ने जो पढ़ाई की है एवं जो ज्ञान कॉलेज से प्राप्त किया है उसको फील्ड तक पहुंचना है। इसके लिए उन्हें गांव-गांव तक अपने ज्ञान से किसानों को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि हमें स्वरोजगार, पर्यटन, कृषि अरोमा, थैरेपी पर विशेष काम करना है। कृषि महाविद्यालय बसेड़ी के अधिष्ठाता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन में रहकर गांव में किसानों से मिलकर अच्छा कार्य करना है और ज्ञान को बढ़ाना है। खेती की नई तकनीकियों से उनको रूबरू कराना है ताकि उनका उत्पादन दुगना हो जाए। रेडी इंचार्ज सहायक प्रो. शिवमूरत मीणा ने बताया कि ओरियंटेशन कोर्स के बाद 56 दिन का विलेज अटैचमेंट प्रोग्राम में काम करना है उसके बाद 36 दिन यूनिट अटैचमेंट प्रोग्राम में काम करना है 21 दिन इंडस्ट्री में काम करना है और 14 दिन प्लांट क्लीनिक में काम करना है। प्रोग्राम के तहत इन छात्रों को विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी नई-नई तकनीक बताई जाएगी नए-नए अनुसंधान बताए जाएंगे एवं कृषि की नई-नई चीजों से रूबरू कराया जाएगा। जिससे आगे जाकर यह छात्र बड़े कृषि विशेषज्ञ बन सकें। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय की सहायक निदेशक छात्र कल्याण डॉ अरविंद कुमार, डॉ एस. के दुबे, डॉ निधि त्यागी, डॉ रवि कुमार, डॉ भवानी सिंह व डॉ रामकुवर, चंद्रगुप्त मौर्य, राजेश जाट ब मुकेश वर्मा आदि मौजूद रहे।



# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिष्यों ने गुरुओं की चरण वंदना कर आशीर्वाद लिया

**वैर / भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों एवं आश्रमों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुये। शिष्यों ने गुरुओं की चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गायत्री शक्तिपीठ वैर पर 21 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन हुआ शक्तिपीठ के ट्रष्टि मनोज मिश्रा ने बताया कि प्रज्ञा पुराण कथा कार्यक्रम के अंतर्गत अंतिम दिन 1008 दीप प्रज्वलित कर गुरु पूर्णिमा मनाई गई इस अवसर पर कथावाचक सुरेंद्र शर्मा ने श्रद्धालुओं को बताया कि भारतीय संस्कृति ही प्रधान है इसने विश्व को अनुपम योगदान प्रदान किया है। उन्होंने नशा मुक्ति का भी संदेश दिया। 91वर्षीय ज्योतिषाचार्य पंडित गया राम शास्त्री का उनके निवास पर पहुंचकर शिष्यों ने साफा पहनाकर माल्यार्पण कर चरण वंदन करते हुए आशीर्वाद लिया। समरसता कार्यक्रम के बालचंद शर्मा ने बताया कि उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गुरु दक्षिणा पर्व मनाया गया जिसमें काफी संख्या में दूर-दूर से आए स्वयंसेवक शामिल हुये। रघुनाथ जी मंदिर पर शुक्ल बंधु रमेश चंद्र एवं हरिशंकर का उनके शिष्यों ने सम्मान किया। प्रसिद्ध संत 1008 बाबा मनोहर दास की तपोस्थली अखंड धूना पर पहुंचकर शिष्यों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया व दोना प्रसादी वितरण की गई।

# कलक्टर हसीजा ने की विधायक मद, सांसद मद, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से लेकर विभिन्न योजनाओं के कार्यों और प्रगति की समीक्षा

## सरकार की मंशा अनुरूप हर योजना में अधिकतम लोग हों लाभान्वित -हसीजा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद, ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में शुक्रवार प्रात: 11.00 बजे जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में विभिन्न विभागों (ग्रुप-सी) की जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं, फ्लैगशिप कार्यक्रमों, बजट घोषणाओं, विधायक मद, सांसद मद, महात्मा गांधी नरेगा, माडा सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की बारीकी से समीक्षा की गई। कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्र लोगों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों की प्रगति रिपोर्ट समय पर भेजने, योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि बजट घोषणाओं के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखी जाए और योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से की जाए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बृजमोहन बैरवा, सीपीओ संजय शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक/प्रारम्भिक), अधीक्षक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाथद्वारा, उप निदेशक कृषि एवं उद्यानिकी, प्रबंधक गोपालन एवं डेयरी विभाग, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, परियोजना प्रबंधक राजीविका, जिला खेल अधिकारी एवं लीड बैंक अधिकारी उपस्थित रहे। कलक्टर ने समीक्षा को प्रभावी बनाने के लिए समर्पण एवं तत्परता से कार्य करने की अपेक्षा जताई और योजनाओं के क्रियान्वयन में नवाचार अपनाने तथा जनसहभागिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रह जाए। राजसमंद जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने बर्तन बैंक योजना और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बर्तन बैंक योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि सार्वजनिक कार्यक्रमों में लोग लाभान्वित हो सकें। राजीविका की महिलाओं द्वारा बर्तन बैंक संभालने के प्रयास को सराहा।

# बूंदी के विकास का संकल्पः स्वच्छ, हरा-भरा और आधुनिक शहर बनने की ओर : बिड़ला

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी के विकास का संकल्प स्वच्छ, हरा-भरा और आधुनिक शहर बनने की ओर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बूंदी को स्वच्छ, हरा-भरा और विकसित बनाने का संकल्प लिया है। शुक्रवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत खेल संकुल परिसर में हुए वन महोत्सव में उन्होंने पौधारोपण किया। उन्होंने इस अभियान को पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प बताया। इसी अवसर पर कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत जल संरक्षण से जुड़े कार्यों का भी लोकार्पण हुआ।



## बूंदी की सांस्कृतिक विरासत और खेल सुविधाओं का विकास

बिरला ने बूंदी को वीरता, आस्था और सांस्कृतिक धरोहरों का जीवंत प्रतीक बताया। उन्होंने घोषणा की कि भविष्य की पीढ़ियों को इन मूल्यों से जोड़ने के लिए बूंदी में एक भव्य संग्रहालय बनाया जाएगा। खेल सुविधाओं के मामले में, खेल संकुल परिसर को एक आधुनिक स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें सिंथेटिक फुटबॉल ग्राउंड, लॉन टेनिस कोर्ट, निशानेबाजी रेंज और अन्य खेल सुविधाओं के साथ-साथ एक आधुनिक पुस्तकालय भी होगा, जिससे खिलाड़ियों को एक ही स्थान पर प्रशिक्षण और संसाधन मिल सकें।

## प्रशासनिक सुधार और जन संवाद

बिरला ने बताया कि बूंदी के पुराने बस स्टैंड को स्थानांतरित करने का रास्ता साफ हो गया है और आगामी बजट में बूंदी के लिए मिनी सचिवालय का प्रस्ताव भी रखा जाएगा, जिससे प्रशासनिक कामकाज में आसानी होगी। कार्यक्रम के बाद, बिरला ने बूंदी सर्किट हाउस में आमजन से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित समाधान और क्षेत्रवासियों को समयबद्ध रूप से सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, यह कहते हुए कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है कि वे आमजन के विश्वास पर खरे उतरें।

## जल संरक्षण और कृषि-औद्योगिक विकास पर ज़ोर

जल संरक्षण के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू किया गया कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान महत्वपूर्ण है। इस अभियान के तहत, भामाशाहों और प्रवासी राजस्थानियों के सहयोग से ग्रामीण इलाकों में वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। बूंदी को एग्रो इंडस्ट्रियल हब के रूप में भी विकसित किया जा रहा है, जिसके लिए उद्योग, पर्यटन, जल संरक्षण और कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के तहत, कोटा की तर्ज़ पर रामाश्रय भवन का निर्माण किया जाएगा और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कॉलेज तक की सुविधाओं को मज़बूत किया जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा का चित्तौड़गढ़ दौरा, सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों का किया भ्रमण

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़,(नि.स.)।** राजस्थान सरकार के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा गुरुवार रात्रि को सांवलियाजी मंदिर के दर्शन किए दर्शन करने के पश्चात चित्तौड़गढ़ के सर्किट हाउस पहुंचे एवं रात्रि विश्राम किया। शुक्रवार प्रात: उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर आलोक रंजन ने भी सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री से भेंट कर जिले से संबंधित विकास योजनाओं एवं गतिविधियों पर चर्चा की। चित्तौड़गढ़ दुर्ग भ्रमण के दौरान डॉ. बैरवा ने दुर्ग स्थित व्यू पॉइंट से नगर के विहंगम दृश्य का अवलोकन किया और इसकी ऐतिहासिक गरिमा की सराहना की। कुम्भा महल की प्राचीन स्थापत्य कला और इतिहास से प्रभावित होकर उन्होंने यहां के गौरवशाली अतीत को नमन किया। विजय स्तंभ की भव्यता को निहारते हुए उन्होंने जौहर स्थल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी ली। इसके पश्चात उप मुख्यमंत्री ने समधिश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर ब्रह्मा, विष्णु और महेश की त्रिरूपी विशाल मूर्ति के दर्शन किए और जलाभिषेक कर प्रदेशवासियों की समृद्धि हेतु प्रार्थना की। श्री कालिका माता मंदिर में उन्होंने मत्था टेककर प्रदेश की खुशहाली की कामना की तथा महंत श्री राम नारायण पुरी से आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्व प्रसिद्ध मीरा मंदिर में उप मुख्यमंत्री ने भक्तिरस में लीन संत शिरोमणि मीरा बाई के चरणों में श्रद्धा निवेदित की एवं कुंभ श्याम मंदिर में भी दर्शन किए। दोपहर में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने श्री जैन दिवाकर स्वाध्याय साधना संस्थान में चातुर्मास हेतु पधारे संथारा विशेषज्ञ, स्पष्ट वक्ता पूज्य गुरुदेव धर्म मुनि जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वचन प्राप्त किए। धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जैन धर्म के सिद्धांत मानव जीवन को दिशा देते हैं और चातुर्मास में साधु-साध्वियों का सान्निध्य जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि धर्म और सेवा के मार्ग पर चलकर हम समाज व राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी सहित परिजन, उपखंड अधिकारी श्रीमती बीनू देवल, आरटीओ, तहसीलदार राहुल धाकड़, सुधीर जैन, राजेश सेठिया, अर्जुन बैरवा एकियान्य प्रशासनिक

# बूंदी में दाधीच पुरोहित समाज के शती माता मंदिर पर अतिक्रमण का मामला



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी के कागजी देवरा स्थित दाधीच पुरोहित समाज के शती माता मंदिर पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर समाज पिछले पाँच दिनों से संघर्ष कर रहा है। आरोप है कि गौतम भवन के सामने स्थित इस मंदिर की छतरी पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है और अतिक्रमणकारी शिकायत के बाद भी निर्माण कार्य जारी रखे हुए हैं। समाज द्वारा नगर परिषद में 5 दिन पहले शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन नगर परिषद का अतिक्रमण दस्ता और प्रभारी अनिल मेहरा इस मामले में गंभीर नहीं दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि केवल नोटिस भेजने का खेल खेला जा रहा है, जबकि मौके पर निर्माण कार्य लगातार जारी है। समाज के लोग लगातार नगर परिषद आयुक्त और अतिक्रमण दस्ते से संपर्क में हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यह भी बताया गया है कि अतिरिक्त जिला कलेक्टर को भी इस मामले में परिवाद दिया गया था, लेकिन उनके आदेशों की भी अनदेखी की जा रही है। समाज का आरोप है कि नगर परिषद शायद अतिक्रमण करवा कर ही खुश हो रही है, या इसमें उनका कोई निहित स्वार्थ है। दाधीच समाज के सचिव रजेश बना, दीपक दाधीच, गोपाल दाधीच (ऑल इंडिया), राजकुमार दाधीच सहित पुरोहित समाज के कई लोग इस संबंध में लगातार पिछले 5 दिनों से संघर्ष कर रहे हैं।

# महापौर की पहल पर नगर निगम के श्रावण मास सहस्त्र धारा अभिषेक कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास प्रारंभ के पावन अवसर पर महापौर राकेश पाठक की पहल पर 70 वार्डो के 70 मंदिरों में 70 सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम के तहत प्रथम दिवस पर प्रात: 7 बजे वार्ड 62 के अंतर्गत आर के कॉलोनी स्थित शिव साईं मंदिर एवं वार्ड 63 के अंतर्गत सुभाष नगर स्थित राम मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया। सांसद दामोदर अग्रवाल एवं महापौर राकेश पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सपत्नीक अभिषेक के मुख्य यजमान बने। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि श्रावण मास भक्ति के लिए विशेष महत्व रखता है। इस पावन अवसर पर नगर निगम द्वारा 70 वार्डो के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक का संकल्प लिया गया है, ईश्वर की कृपा से यह कार्य सकुशल संपन्न होगा और इससे भीलवाड़ा में सुख समृद्धि, धन धान्य व शांति हेतु ईश्वर की कृपा होगी, ऐसी कामना करते हैं। महापौर राकेश पाठक ने कहा कि भीलवाड़ा शहर की खुशहाली, चहुंमुखी विकास एवं प्रगति की कामना के साथ यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने शहरवासियों सहित विभिन्न समाजों, वर्गों एवं सामाजिक संगठनों से इस आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि सनातन संस्कृति के इस पावन पर्व पर नगर निगम द्वारा आयोजित सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सहभागी बनेंगे। इस अवसर पर वार्ड 62 के कार्यक्रम संयोजक पार्षद ओम साईं राम, सह संयोजक पुनीत प्रताप सिंह, वार्ड 63 के कार्यक्रम संयोजक योगेश दाधीच, रामबाबू गौड़, भाजपा जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह मोटरास, सुभाष मंडल अध्यक्ष ऋतु शेखर शर्मा, पूर्व उपसभापति मुकेश शर्मा, दीपक पाराशर, गौतम शर्मा, दिनेश विजयवर्गीय, रामप्रसाद शर्मा, राहुल सुवालका, प्रशांत चतुर्वेदी, नरेंद्र तंबोली सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# छः दिवसीय एक्यूप्रेशर सुजोक थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के जैन सोशल ग्रुप चौमहला के तत्वधान में शुक्रवार को छः दिवसीय एक्यूप्रेशर सुजोक थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन जैन अथिति गृह पर आयोजित किया गया। शुक्रवार को शिविर का शुभारंभ जैन सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हंसराज जैन,राजस्थान रीजन चेयरमैन गौतम जैन,अध्यक्ष राजेश जैन ने भगवान नागेश्वर पार्श्वनाथ के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि इस छ दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर में घुटना दर्द,बल्ड प्रेशर,लकवा, साईटिका सहित करीब 16 बीमारियों के बिना औषधि के उपचार किया जाएगा शिविर 11 जुलाई से 16 जुलाई तक आयोजित होगा जिसमें एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ सेवाएं देगे।शिविर शुभारंभ पर अशोक भंडारी ,दिलीप जैन,राजेश जैन राज,गोपाल जैन, समरथ भंडारी,ज्ञानचंद जैन,धर्मेंद्र जैन ,मोक्ष जैन सहित जैन सोशल ग्रुप के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलेक्टर के निर्देशन में राज्य स्तरीय मंच पर भीलवाड़ा का बढ़ा मान

## जनसंख्या स्थायित्व कार्यों में भीलवाड़ा जिले को मिला द्वितीय स्थान, राज्य स्तर पर मिला सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** जिला कलेक्टर जसमीत संधू के निर्देशन में वर्ष 2024-25 के दौरान जनसंख्या स्थायित्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए भीलवाड़ा जिले को राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही परिवार कल्याण कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर भी द्वितीय रैंकिंग हासिल की गई है। विश्व जनसंख्या दिवस 2025 के उपलक्ष्य में जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार को आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में परिवार कल्याण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना 2024-25 के तहत जनसंख्या नियंत्रण, परिवार कल्याण और जनजागरूकता के क्षेत्र में जिले की उपलब्धियों के लिए प्रशंसा पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, मिशन निदेशक एनएचएम अमित यादव और निदेशक आरसीएच मधु रतेश्वर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) सी. पी. गोस्वामी को प्रदान किया गया। इसी समारोह में वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (पश्चिमी क्षेत्र) रामकेश गुर्जर को व्यक्तिगत श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर प्रशंसा पत्र और 10,000 रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

## सीएमएचओ के नेतृत्व में टीम वर्क को मिली राज्य स्तर पर सराहना

इस अवसर पर सीएमएचओ और अति. सीएमएचओ के साथ डिप्टी सीएमएचओ प्रवीण झरवाल और जिला आरसीएच अधिकारी संजीव शर्मा ने कार्यक्रम में भाग लेकर जिले की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई तथा राज्य स्तर पर भीलवाड़ा की पहचान को सशक्त किया। राज्य सरकार की ओर से भेजे गए आमंत्रण पत्र में डॉ. गोस्वामी और उनकी टीम की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट कार्य की अपेक्षा जताई गई।

# नवजात शिशु की चिकित्सा कर्मी की लापरवाहीं से मौत का लगाया आरोप

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ (आबिद हुसैन)।** जिले के डग-उप जिला चिकित्सालय की व्यवस्था काफी चाक चौबंद होने की चर्चाओं से मरीजो की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही थी, किंतु चिकित्सा कर्मियो की लापरवाहीं से एक परिवार का चिराग जन्म लेने के कुछ घंटे बाद ही माता-पिता व परिजनो को आंखों में आंसू की धारा छोड कर दुनिया छोड गया। हुआ यू कि चौकड़ी गांव निवासी भावना कुंवर पति महेंद्र सिंह निवासी चौकडी कला को रात्रि दस बजे प्रसव हुआ था। देर रात डॉक्टर की लापरवाही के चलते नवजात को उपचार नहीं मिलने से मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि गुरुवार रात्रि को अस्पताल में 10 बजे डिलीवरी हुई थी। सुबह 3.00 बजे करीब शिशु ज्यादा रोने लगा तो ड्यूटी पर तैनात मेल नर्स प्रशांत मैहर को बच्चों को देखने का कहा उसने परिजनों को डॉक्टर के निवास पर बुलाने के लिए भेज दिया, जबकि फोन किसी भी डॉक्टर को लगा कर बुलाना था, वहीं परिजन एवं अस्पताल के कर्मचारी जीवनलाल ने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज भारद्वाज के दरवाजे को काफी समय तक खटखटाया किंतु डॉक्टर उठकर नहीं आए और इधर उपचार नहीं मिलने के कारण शिशु की हालत बिगड़ी और सुबह छः बजे दम तोड़ दिया। सुबह 8.00 बजे करीब डॉक्टर शिशु रोग विशेषज्ञ भारद्वाज अपनी ड्यूटी के समय शिशु को देखने आए तब तक बच्चे ने दम तोड़ दिया। इस बारे में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विकास जैन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गलती जिस किसी की भी हो इस मामले में लापरवाही हुई है बर्दाश नहीं करेंगे। जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इधर परिजन ने आरोप लगाया कि शिशु रोग डॉक्टर समय रहते उपचार कर देते तो शायद मौत नहीं होती। परिजन ने कहा कि ड्यूटी समय हो या नहीं हो किंतु मानवता के नाते डॉक्टर को देखना चाहिए था।जिसके दिल में मानवता नहीं हो ऐसे डॉक्टर को अस्पताल में नहीं रहने देना चाहिए जो समय रहते बच्चों का उपचार नहीं करें। इस प्रकार की लापरवाही से अस्पताल से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है। सारे ही मामले को जानने के बाद शुक्रवार सुबह 10.00 बजे ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ.विकास जैन ने मामले की जांचकर लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करते हुए कंपाउंडर प्रशांत मेहर को झालावाड़ एपीओ किया तो डॉक्टर मुकेश भारद्वाज को एपीओ कर कछनारा लगाया वहीं कचनारा के डॉक्टर को डग लगाने के लिए ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विकास जैन ने आदेश जारी किया व कहा कि इस तरह के लापरवाह कभी भी बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे।

# उपजिला अस्पताल माण्डल में नि:शुल्क चर्म रोग शिविर 13 को

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भारतीय चर्मरोग विशेषज्ञ संगठन के आह्वान पर 13 जुलाई 2025 (रविवार) को उप जिला अस्पताल माण्डल में चर्म रोग परामर्श एवं उपचार हेतु नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष शिविर में महात्मा गांधी अस्पताल, भीलवाड़ा के वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. महेन्द्र कुमार छापरवाल प्रात: 9 बजे से अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे। शिविर के सफल आयोजन हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी, महात्मा गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज बसेर तथा उप जिला चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश गजराज द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त स्टाफ व कार्मिकों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि वे अधिकाधिक क्षेत्रवासियों को इस शिविर की जानकारी दें एवं उन्हें इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी अपील की है कि वे इस जनहितकारी शिविर में आधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करावे, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग इस शिविर के माध्यम से लाभान्वित हो सकें।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सावा गांव की गौशाला आश्रम पर उमड़ी भक्तों की भीड़

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर गुरु आश्रमों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही सावा के प्रसिद्ध आश्रम सावा गौशालाआश्रम में गुरुदेव राघवनाथ जी सरकार और गुरु पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी सुबह से ही गुरु जी महाराज राघवनाथ जी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए गुरुजी का पग पूजन किया और गुरु मंत्र लेने का सिलसिला चल पड़ा गुरु जी के चरण वंदना कर आशीर्वाद लेने के लिए भक्तजन कतार मे दिखे इस अवसर पर गुरुदेव राघवनाथ जी महाराज ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा अनादी काल से चली आ रही है देवताओं ने भी इस परंपरा का निर्वाह किया जीवन को सफल बनाने के लिए उच्च गति प्राप्त करने में गुरु का होना जरूरी है जरूरी है जो सही मार्ग प्रशस्त करता है सावा गौशाला आश्रम में नीमच, निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, गंगरार,नीमच, सुखवाड़ा,भदेसर सांवरिया जी आदि जगहों से गुरु देव का आशीर्वाद लेने के लिए बड़ी संख्या में गुरु पूर्णिमा पर भक्त पहुंचे इस अवसर पर सभी भक्तगनो और गौशाला आश्रम में ही सभी भक्तजनों को आशीर्वाद दिया गया और महाप्रसादी का आयोजन किया गया और गौशाला के नव निर्माण और चरनोट भूमि पर कब्ज़े खाली करवाने के बारे मे चर्चा की गई महाराजजी ने बताया की सावा गांव की चरनोट ज़मीन पर गौमाता का हक़ हे जिस पर भू माफियाओ ने कई वर्षो से कब्ज़ा किया हुआ हे कब्ज़ा हटाने के लिये जिला कलेक्टर को 8 तारीख को ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन भी दिया जा रहा अगर 13 तारीख तक कब्ज़ा खाली नहीं हुआ तो दूसरे प्रदेशो के भी संत समाज बड़ा आंदोलन की तैयारी मे बैठे हे जिसमे महंत कुन्दन दास महाराज सेवा धाम आश्रम निरमोही अखाडा, महंत अविदास महाराज नेमावर मध्य प्रदेश, लोकेश शर्मा संस्थापक हिन्दू सैना आदि कई संतो ने राघवनाथजी के सहयोग के लिये तैयार है।

"सबसे अच्छा परोपकार दूसरों को अपना समय देना है क्योंकि यह सबसे अमूल्य है।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# भजनलाल शर्मा की पहल, राजस्थान की मां योजना देशभर में बनी मिसाल

## 43 लाख मरीजों को मिला निशुल्क उपचार, राजकीय क्षेत्र की पहली ऐसी योजना, जिसमें बुखार, से लेकर रोबोटिक सर्जरी तक का इलाज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता से प्रदेश में गांव और गरीब तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुगम हुई है। जरूरतमंद परिवार इलाज खर्च की चिंता से मुक्त हुए हैं। उन्हें बुखार जैसी सामान्य बीमारियों से लेकर ट्रांसप्लांट और रोबोटिक सर्जरी जैसा महंगा उपचार निःशुल्क मिल रहा है। राजकीय अस्पतालों में ही नहीं, प्रदेश के नामी निजी अस्पतालों में भी उन्हें आसानी से निःशुल्क उपचार सुलभ हो रहा है। यह संभव हुआ है मुख्यमंत्री की मानवीय पहल पर प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना से। अब तक इस योजना से 43 लाख से अधिक रोगियों को 5 हजार करोड़ रूपए से अधिक का निःशुल्क उपचार प्राप्त हो चुका है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पूर्व में संचालित स्वास्थ्य बीमा योजना में रही खामियों एवं सीमित दायरे के चलते रोगियों को पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा था। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने इस योजना की कमियों को दूर करने तथा दायरा विस्तृत करते हुए नई योजना प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशो के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना प्रारंभ की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित यह योजना राजकीय क्षेत्र की पहली ऐसी योजना है, जिसमें सामान्य बीमारी से लेकर रोबोटिक सर्जरी, एलौपैथी से लेकर आयुष पद्धति तक और बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर विधा से हर वर्ग के लिए उपचार के पैकेज शामिल हैं। राज्य सरकार ने इसका दायरा इतना विस्तृत किया है कि कोई भी वर्ग और उपचार की कोई पद्धति इससे नहीं छूटे। मुख्यमंत्री की पहल पर इस योजना का दायरा लगातार बढ़ाते



हुए इसमें उपचार के विभिन्न पैकेज शामिल किए गए हैं। पूर्ववर्ती सरकार में संचालित योजना में लगभग 1800 पैकेज थे, जिन्हें नई योजना में बढ़ाकर लगभग 2300 कर दिया गया है। योजना में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए 73 डेकेयर पैकेज एवं 419 पीडियाट्रिक पैकेज शामिल किए हैं। वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा के अनुसार अब योजना में रोबोटिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी एण्ड स्किन ट्रांसप्लांट, कार्डियोथोरेसिक एण्ड वेस्कुलर सर्जरी के पैकेज, 70 वर्ष से अधिक के लोगों के लिए जीरियाट्रिक केयर पैकेज, विशेष योग्यजनों के लिए नए पैकेज, किशोरों के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए पैकेज, ओरल कैंसर तथा आयुष पद्धतियों से इलाज के लिए नए पैकेज जोड़े गए हैं। इन पैकेज के शामिल होने से यह योजना चिकित्सा की हर पद्धति, उच्च तकनीक के आधुनिकतम उपचार और हर वर्ग के लोगों को कवर कर रही है।

योजना की पहुंच गांव-कस्बों तक सुनिश्चित करने के लिए अस्पतालों के एम्पेनलमेंट नियमों में शिथिलता दी गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा निजी अस्पताल इस योजना से जुड़ें और निचले स्तर पर योजना का लाभ पहुंचाने में आसानी हो। प्रदेश के 11 दूरस्थ, दुर्गम एवं पिछड़े हुए जिलों एवं 27 आकांक्षी ब्लॉक्स हेतु एम्पेनलमेंट नियम सरल किये गये हैं। साथ ही, कुछ पैकेज की दरों को भी तर्कसंगत बनाया गया है। पैकेज दरों में संशोधन कर नये पैकेज 30 जनवरी, 2025 से लागू किये गये हैं। योजना के लिए धन की कमी नहीं रहे, इस सोच के साथ इस योजना के लिए 3500 करोड़ रूपए का कोष भी गठित किया गया है।

मा योजना के दायरे को बढ़ाने के लिए इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी लागू कर दी गई है। फिलहाल योजना के तहत इन बाउण्ड पोर्टेबिलिटी प्रारंभ हो चुकी है और जल्द ही आउट बाउण्ड पोर्टेबिलिटी प्रारंभ होगी। इससे बाहर के मरीज राजस्थान आकर और राजस्थान के मरीज दूसरे राज्यों में जाकर इलाज ले सकेंगे।

प्रथम चरण में इन बाउण्ड पोर्टेबिलिटी लागू कर दी गई है, जिससे बाहर के मरीज राजस्थान में आकर इलाज ले पा रहे हैं।

# बीसीसीआई शेड्यूल के आधार पर राजस्थान में होंगे क्रिकेट टूर्नामेंट:कुमावत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** राजस्थान में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा निर्धारित शेड्यूल के आधार पर ही क्रिकेट गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। शुक्रवार को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एकेडमी



में आयोजित 14 सदस्य क्रिकेटर कमेटी की बैठक में यह फैसला किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एडहॉक कमेटी के कन्वीनर दीनदयाल कुमावत ने की।राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी कन्वीनर दीन दयाल कुमावत ने कहा- हमारे द्वारा प्रदेश में क्रिकेट गतिविधियों के संचालन को लेकर जो कमेटी बनाई गई थी। उसने राजस्थान में क्रिकेट और खिलाड़ियों के विकास के लिए आज हुई बैठक में कई अहम सुझाव दिए हैं। जिन्हें जल्द से जल्द लागू किया जाएगा।कुमावत ने कहा- बैठक में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा नेशनल लेवल की पूर्व निर्धारित क्रिकेट प्रतियोगिताओं की तैयारियों के अनुसार ही राजस्थान में क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन का फैसला किया गया। जो क्रिकेट टूर्नामेंट शेड्यूल अंडर - 16 से लेकर 19, 23, जूनियर - सीनियर और महिला वर्ग के सभी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पूर्व निर्धारित शेड्यूल के आधार पर ही होगा। कुमावत ने कहा कि आज बैठक में राजस्थान में महिलाओं की क्रिकेट में बढ़ती रुचि को देखते हुए बैठक में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने का फैसला किया गया। इसके लिए राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी द्वारा अलग से एक्स्ट्रा फंड दिया जाएगा।

# मुस्लिम बहुल इलाकों में न जाएं..., बंगाल के लोगों से बोले सुवेंदु अधिकारी, टीएमसी ने किया पलटवार




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** शुभेंदु अधिकारी ने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश जाएं, यह देवभूमि है। उत्तराखंड और ओडिशा जाएं। हमें देश के सभी हिस्सों का दौरा करना चाहिए। मैं बंगाल के लोगों को चेतावनी दे रहा हूं कि वे मुस्लिम बहुल इलाकों में न जाएं।शुभेंदु अधिकारी ने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश जाएं, यह देवभूमि है। उत्तराखंड और ओडिशा जाएं। हमें देश के सभी हिस्सों का दौरा करना चाहिए। मैं बंगाल के लोगों को चेतावनी दे रहा हूं कि वे मुस्लिम बहुल इलाकों में न जाएं।जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला द्वारा पश्चिम बंगाल के लोगों को जम्मू-कश्मीर आने का न्योता दिए जाने पर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक ऐसा बयान दिया है जिससे सियासत तेज ह गई है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कोई भी बंगाली कश्मीर नहीं जाएगा। मैं यह पार्टी की मान्यता के आधार पर कह रहा हूं, उन जगहों पर न जाएं जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं। अगर आप जम्मू-कश्मीर जा रहे हैं तो जम्मू जाएं। हत्या से पहले शरीर के अंगों और सिंदूर की जांच की गई थी। शुभेंदु अधिकारी ने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश जाएं, यह देवभूमि है। उत्तराखंड और ओडिशा जाएं। हमें देश के सभी हिस्सों का दौरा करना चाहिए। मैं बंगाल के लोगों को चेतावनी दे रहा हूं कि वे मुस्लिम बहुल इलाकों में न जाएं। आपकी जान आपकी प्राथमिकता है। अपने जीवन, बच्चों और महिलाओं की रक्षा करें। शुभेंदु अधिकारी अब सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ओर से राजनीतिक आलोचना का सामना कर रहे हैं, जिसने उनके बयान को सांप्रदायिक उकसावे की एक शर्मनाक और सोची-समझी कार्रवाई करार दिया है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भाजपा नेता पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को ठीक वही दे रहे हैं जो वे चाहते थे। तृणमूल कांग्रेस ने अधिकारी की टिप्पणी को सोची-समझी सांप्रदायिक उकसावे करार दिया।

# राष्ट्रीय लोक दल राजस्थान में पंचायत और निकाय चुनाव लड़ेगा

## केंद्रीय मंत्री बोले- जनता को नहीं मिल रही चुपड़ी हुई रोटियां, पार्टी में नहीं कोई विवाद

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स)।** राजस्थान में राष्ट्रीय लोक दल पंचायत और निकाय चुनाव में बीजेपी और कांग्रेस को चुनौती देती हुई नजर आएगी। शुक्रवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में पार्टी नेताओं ने यह फैसला किया।राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि राजस्थान की जनता हर 5 साल में रोटी बदलती है। यहां दोनों तरफ से रोटियां सेकी जा रही हैं। लेकिन दोनों ही तरफ से घी नहीं लग रहा है। आम जनता को चुपड़ी हुई रोटियां नहीं मिल रही है। यहां की जनता जल्दी विश्वास भी करती है। जल्दी नाराजगी भी जाहिर कर देती है। यहां के लोग तुरंत फायर कर देते है।

### आरएलडी राजस्थान में लड़ेगी स्थानीय चुनाव

जयंत चौधरी ने कहा- हमारी प्राथमिकता राजस्थान में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना है। हम प्रदेश के युवाओं को जोड़कर हर गांव और कस्बे में जनसुनवाई के केंद्र खोलने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। प्रदेश की जनता अब दो दलों के विकल्प से आगे बढ़ना चाहती है। अगर हमारे कार्यकर्ता ईमानदारी से मेहनत करें तो आरएलडी एक सशक्त तीसरा विकल्प बन सकता है।राजस्थान में योजनाएं बेहतरीन होते हुए भी वंचितों तक नहीं पहुंच पातीं। ऐसे में आरएलडी उन तक पहुंचकर उनके हक की लड़ाई लड़ेगी।उन्होंने कहा- राजस्थान में राष्ट्रीय लोकदल की संभावनाएं हमेशा से अच्छी रही है। हम पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर नहीं बल्कि, राजस्थान में अपने राजनीतिक संगठन का विस्तार करना चाहते हैं। मैं चाहता हूं कि राजस्थान में हमारे कार्यकर्ताओं की सुनवाई हो। इसलिए राजस्थान के स्थानीय चुनाव में हमारी पार्टी के जो कार्यकर्ता मेहनत कर रहे हैं। उन्हें पार्टी चुनाव लड़ने में पूरा सपोर्ट करेगी।

### पार्टी के विधायक प्रदेश अध्यक्ष में नहीं कोई विवाद

जयंत चौधरी ने कहा- राजस्थान से मेरा गहरा लगाव है। यहां के लोग चौधरी चरण सिंह से लेकर मुझे काफी प्यार करते हैं। मुझे भी राजस्थान से काफी लगाव हैं। बीते दिनों मैं नागौर आया तब मैंने कहा था कि अगर नागौर की कोई फाइल मेरे पास आएगी। मैं उसे मना नहीं कर पाऊंगा। मेरी हमेशा कोशिश रहती है कि राजस्थान में तेजी से विकास कार्य किए जाएं।

इस दौरान जयंत चौधरी ने राजस्थान में राष्ट्रीय लोक दल में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर अवाना और विधायक सुभाष गर्ग में चल रहे शीत युद्ध पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा- मन में इस तरह का कोई भी विवाद या विरोध पार्टी में नहीं है। आज हमारे विधायक ने अपने सिर की पगड़ी को उतार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को पहना दिया है।

# जनता को पेपरलीक वाले थानेदारों के भरोसे नहीं छोड़ सकते

## हाईकोर्ट ने कहा- सरकार दोहरा मापदंड नहीं अपना सकती, अदालत पैरामीटर्स में नहीं बंधेगी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती 2021 में शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस समीर जैन ने टिप्पणी करते हुए कहा- हम राजस्थान की जनता को पेपरलीक से बने थानेदारों के भरोसे नहीं छोड़ सकते हैं।अदालत ने कहा- एक तरफ तो सरकार कह रही है कि अभी भर्ती को रद्द करने का फैसला प्री मैच्योर होगा। वहीं, दूसरी तरफ पेपरलीक में आरपीएससी सदस्यों और कोचिंग माफिया की मिलीभगत मान रही है।सरकार दोहरा मापदंड कैसे अपना सकती है। एसओजी पहले कहती है कि हम भर्ती में सही-गलत की पहचान नहीं कर सकते हैं। अब कह रही है कि हम सही-गलत को छांट सकते हैं। अदालत ने कहा- हमें जरूरत पड़ी तो हम एक बार फिर एसआईटी हेड वीके सिंह अथवा डीजीपी को बुलाकर इस मामले में स्पष्टीकरण ले सकते हैं।

इससे पहले बहस की शुरुआत करते हुए चयनित अभ्यर्थियों की ओर से वरिष्ठ वकील एके शर्मा ने कहा- याचिकाकर्ताओं ने तथ्यों को छिपाते हुए याचिका लगाई है। ऐसे में याचिका को खारिज किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा- याचिका में सरकार के वर्तमान फैसले को भी चुनौती नहीं दी गई है। इस पर अदालत ने कहा- कोर्ट किसी पैरामीटर्स में नहीं बंधा है। हम याचिका से परे जाकर भी निर्णय ले सकते हैं।अदालत ने कहा- आज सरकार कह रही है कि भर्ती में 50 अभ्यर्थियों को डी-बार किया गया है, लेकिन अगर आगे की जांच में 200 अभ्यर्थियों की ओर मिलीभगत पाई गई तो फिर सरकार क्या करेगी? इस पर चयनित अभ्यर्थियों की ओर से कहा गया कि उस समय उस परिस्थिति के अनुसार निर्णय लिया जाएगा।

हाईकोर्ट बोला-एसआई भर्ती में सरकार ने ठोस फैसला नहीं लिया-सरकार ने कहा- वर्तमान स्थिति में यह बेहतर निर्णय, भविष्य में क्या होगा पता नहीं

सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती-2021 मामले में गुरुवार को भी हाईकोर्ट मे सुनवाई जारी रही। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा- भर्ती को लेकर सरकार ने ठोस फैसला नहीं लिया है। हमने सरकार को अपना ठोस पक्ष रखने के लिए कहा था। लेकिन सरकार कह रही है कि हम फिलहाल भर्ती को रद्द नहीं कर रहे हैं।

# आपको कितनी बार कहूँ कि... सिद्धारमैया ने कर्नाटक में सीएम बदलने की अटकलों को फिर किया खारिज

बढ़ता राजस्थान

**बैंगलुरु (एजेंसी)।** सिद्धारमैया ने एक्स पर कांग्रेस नेताओं की खड़गे के साथ हुई बैठक की जानकारी दी, जिसमें उन्होंने बताया कि कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने लिखा कि आज दिल्ली में, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेताओं और राज्य के वरिष्ठ नेताओं ने मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मुलाकात की और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य नेतृत्व में बदलाव की अटकलों को एक बार फिर खारिज कर दिया और कहा कि इस बारे में कांग्रेस आलाकमान से कोई चर्चा नहीं हुई है। सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कहा, मैं आपको कितनी बार कहूँ कि इस कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद को लेकर



अटकलों पर कोई चर्चा नहीं हुई? इस मुद्दे पर आलाकमान से कोई चर्चा नहीं हुई। सिद्धारमैया, जो दिल्ली में हैं, ने गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की, जिससे कर्नाटक में संभावित मुख्यमंत्री परिवर्तन की अटकलों को बल मिला।

सिद्धारमैया ने एक्स पर कांग्रेस नेताओं की खड़गे के साथ हुई बैठक की जानकारी दी, जिसमें उन्होंने बताया कि कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने लिखा कि आज दिल्ली में, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेताओं और राज्य के वरिष्ठ नेताओं ने मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मुलाकात की और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस बीच, भाजपा नेता रचना रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान को कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को स्पष्ट करना चाहिए कि वे अपना वादा पूरा करेंगे या उन्हें बाहर का रास्ता दिखा देंगे।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बोले एनएसए डोभाल

## कहा- एक फोटो दिखाएं जिसमें भारत का नुकसान नजर आए; हमने 9 आतंकी ठिकाने उड़ाए

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई (एजेंसी)।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बयान दिया। उन्होंने कहा कि कई विदेशी मीडिया ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर सवाल उठाए। भारत को नुकसान की खबरें चलाईं। उन्होंने कहा कि विदेश मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया। ना यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। डोभाल ने यह बात शुक्रवार को आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में कही।

वे कहते रहे कि पाकिस्तान ने ये किया, वो किया लेकिन मुझे एक फोटो दिखाइए जिसमें भारत का



नुकसान नजर आए। यहां तक कि एक शीशा भी टूटा हो। हमसे कोई चूक नहीं हुई। हम उस पॉइंट तक सटीक थे जहां हमें पता था कि कौन कहां है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या कर दी थी।इसके जवाब में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी।इस दौरान सेना ने 100 आतंकी मार गिराए थे। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी। डोभाल ने कहा, टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस दौरान हमने स्वदेशी तकनीक इस्तेमाल की। हमने सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें एक भी ठिकाना बॉर्डर के पास नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक थे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया। उन्होंने कहा, आप एक ऐसे देश, एक ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार सालों से संकटग्रस्त और लहूलुहान रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है। मुझे नहीं पता कि राष्ट्र की इस धारणा को जिंदा रखने के लिए उन्होंने कितना अपमान और तकलीफ सही होगी। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत एक राष्ट्र के रूप में हजारों सालों से अस्तित्व में है।भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कई एयरबेस पर हमले किए थे। इसमें एयरबेस के रनवे, हैंगर और इमारतों को नुकसान पहुंचा था। इनमें सरगोधा, नूर खान (चकलाला), भोलारी, जैकोबाबाद, सुक्कुर और रहीम यार खान एयरबेस शामिल हैं।एयरबेस पर हुए नुकसान की हाई क्वालिटी सैटेलाइट तस्वीरें 14 मई को सामने आई थीं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार